संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 53 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



किसान संगठन के नेता मीडिया से मुखातिब होते हुए।

## सरकार और किसानों की बातचीत में अब व्यापारी संगठन कूदेः कैट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**किसान** आंदोलन को लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से आग्रह किया है कि किसानों के साथ होने वाली वार्ता में व्यापारी संगठनों को भी शामिल किया जाए। इस मुद्दे पर कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने केंद्रीय मंत्री एवं किसानों के साथ चल रही बातचीत में अहम भूमिका निभा रहे पीयूष गोयल को पत्र लिखा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से मांग की है कि किसानों के साथ हो रही वार्ता में व्यापारी, ट्रांसपोर्टर एवं उपभोक्ताओं को भी शामिल किया जाए। खंडेलवाल का कहना है कि किसानों के वर्तमान आंदोलन से व्यापार जगत को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के साथ वार्ता में व्यापारियों, ट्रांसपोर्टर, उपभोक्ता सहित किसानी से संबंधित अन्य क्षेत्रों के प्रमुख संगठनों को भी शामिल किया जाए। वजह, किसान संगठनों के साथ किसी भी वार्ता अथवा समझौते का असर इन सभी वर्गों पर पड़ता है। यदि किसान घाटे की खेती कर रहा है, तो उसकी खेती को लाभ में बदलने की जिम्मेदारी सामूहिक रूप से सभी की है। सभी को मिलकर यह काम करना चाहिए। केवल केंद्र सरकार पर ठीकरा फोड़ने की राजनीति से किसानों का कोई हित नहीं होने वाला है। कैट के महामंत्री ने इस पत्र की प्रति केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं नित्यानंद राय को भी भेजी है। ये दोनों मंत्री, पीयूष गोयल के साथ किसानों से वार्ता कर रहे हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने यह भी सुझाव दिया है कि वर्तमान में जो कथित आंदोलन चल रहा है, वह प्रकट रूप में केवल पंजाब के किसानों का है। देश के अन्य विभिन्न राज्यों में भी पंजाब से अधिक खेती होती है। इस दृष्टि से किसानों की समस्या के स्थायी समाधान के लिए देश के सभी 5-6 प्रमुख, लेकिन प्रामाणिक किसान संगठनों को भी बातचीत में शामिल किया जाए। इससे बार-बार किसानों द्वारा आंदोलन करने की प्रवृति पर रोक लगेगी। किसानों की समस्या का एक ही बार में स्थायी समाधान हो सकेगा। किसानों द्वारा बार-बार आंदोलन करने से व्यापार बुरी तरह प्रभावित होता है। वहीं जन सामान्य की भी अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिस प्रकार से कथित आंदोलनकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मारने की खुले आम धमकी दे रहे हैं और जिस असभ्य भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, वो बेहद ही निंदनीय है। यह किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को इस मामले में तुरंत स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। ऐसे सभी व्यक्तियों के खिलाफ अविलंब कड़ी कार्रवाई की जाए। देश के प्रधानमंत्री को सरे आम धमकी देना और उनके लिए बेहद असभ्य भाषा का प्रयोग करना कतई स्वीकार नहीं है।

## 'नफरत का रास्ता नहीं छोड़ रही कांग्रेस'

**जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है तब भी उनके नेता (कांग्रेस) नकारात्मकता में जी रहे हैं और तब भी नफरत का रास्ता छोड़ने को तैयार नहीं हैः मोदी**



**टीम एक्शन इंडिया/मेहसाणा**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राम मंदिर का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता नकारात्मकता में जी रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, "जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है तब भी उनके नेता (कांग्रेस) नकारात्मकता में जी रहे हैं और तब भी नफरत का रास्ता छोड़ने को तैयार नहीं हैं।"

**राम मंदिर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशानाः** पीएम मोदी ने कहा, "ये वही लोग हैं जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए थे और उनके मंदिर के निर्माण में बाधाएं पैदा की थीं। अब जब (भगवान राम के) जन्मस्थान पर एक भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है, जब पूरा देश इससे खुश है, तो जो लोग नकारात्मकता में रहते हैं, वे नफरत का रास्ता नहीं छोड़ रहे हैं।"

**भगवान और देश का काम तेजी से चल रहा हैः** पीएम मोदी ने गुजरात के मेहसाणा जिले के तारभ में वलीनाथ महादेव मंदिर का उद्घाटन किया। उन्होंने महादेव मंदिर में पूजा करने के बाद एक सार्वजनिक समारोह में जनता को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि ये वो समय है जब भगवान का काम और देश का काम बहुत तेज गति से चल रहा है। उन्होंने कहा, एक तरफ देश में मंदिर बन रहे हैं तो दूसरी तरफ गरीबों के लिए लाखों घर बन रहे हैं। पीएम मोदी ने 8,350 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

### हमारी हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति और परंपरा के प्रतीकः मोदी

**पीएम** मोदी ने कहा कि सैंकड़ों वर्ष पुराना ये मंदिर आज 21वीं सदी की भव्यता और पुरातन दिव्यता के साथ तैयार हुआ है। ये मंदिर सैंकड़ों शिल्पकारों, श्रमजीवियों के वर्षों के अथक परिश्रम का भी परिणाम है। हमारे यहां मंदिर सिर्फ देवालय या पूजा पाठ करने की जगह नहीं, बल्कि ये हमारी हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति और परंपरा के प्रतीक हैं। हमारे यहां मंदिर देश और समाज को अज्ञान से ज्ञान की तरफ ले जाने के माध्यम रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चल रहा है। ये भावना हमारे देश में कैसे रची-बसी है, इसके दर्शन भी हमें वालीनाथ धाम में होते हैं।

## पीएम मोदी ने गरीबी हटाने का किया कामः जेपी नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबईः** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर आज जमकर हमला बोला। मुंबई में लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक कांग्रेस ने देश पर शासन किया और गरीबों के कल्याण की बात भी की, लेकिन हकीकत में कुछ भी लागू नहीं किया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में फर्क है।

**गरीबी हटाओ का नारा चला, लेकिन गरीबी नहीं हटीः** नड्डा ने कहा कि पहले एसी कमरों में बैठकर योजनाएं बनाई जाती थी, लेकिन जमीन पर योजनाएं कैसे उतारनी है इसकी उन्हें चिंता नहीं थी। इसलिए गरीबी हटाओ का नारा चलता रहा, लेकिन गरीबी नहीं गई। उन्होंने कहा कि पहले गरीब, गरीब रहा, गरीबी चलती रही और गरीब पर राजनीति चलती रही। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं।






## संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था पर फिर भड़के विदेश मंत्री जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नई दिल्ली** में वैश्विक कूटनीतिक विमर्श के कार्यक्रम रासीना डायलॉग 2024 का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को इस कार्यक्रम में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शिरकत की। जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में एक बार फिर सधे हुए शब्दों में संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था की खामियों को उजागर किया और आरोप लगाया कि संयुक्त राष्ट्र आज भी पुरानी व्यवस्था के आधार पर ही संचालित हो रहा है।

**'पुराने ढर्रे के आधार पर नहीं चल सकता संयुक्त राष्ट्र':** जयशंकर ने कहा कि 'जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ था तो उस वक्त इसके करीब 50 सदस्य थे। आज इसके चार गुना ज्यादा सदस्य देश हैं। ऐसे में ये स्वभाविक बात है कि संयुक्त राष्ट्र पुराने ढर्रे के आधार पर नहीं चल सकता। अगर पिछले पांच वर्षों को देखें तो कई बड़े मुद्दे हैं, जिनका हम बहुपक्षीय समाधान नहीं निकाल सके हैं। नतीजे नहीं मिल रहे हैं, तभी सुधार की मांग उठ रही है। कई मामलों में नियमों के साथ खिलवाड़ हुआ है। हम वैश्वीकरण की बात करते हैं, लेकिन तथ्य ये है कि वैश्विक व्यापार के नियमों में भी खिलवाड़ किया जा रहा है। आज हमारे सामने कई चुनौतियां हैं और हम ये भी जानते हैं कि कैसे देश अपने फायदे के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का इस्तेमाल करते हैं।'

### खामियां गिनाई

8 चिर-परिचित अंदाज में एक बार फिर सधे हुए शब्दों में संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था की खामियों को उजागर किया

# दिल्ली में केजरीवाल-कांग्रेस में समझौता!

## दिल्ली में आप-कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग का फॉर्मूला फाइनल, दिल्ली की 7 में 4 लोकसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ सकती है

**मुहर लगना बाकी**

**8 आप और कांग्रेस की तरफ से अभी तक इसका आधिकारिक तौर पर एलान नहीं किया गया**





**टीम एक्शन/इंडिया/नई दिल्ली**
आगामी लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सात सीटों पर आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस गठबंधन में चुनाव लड़ सकती हैं। लोकसभा सीट शेयरिंग को लेकर दोनों पार्टियों के बीच बात बनती दिख रही है समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर समझौते की कगार पर हैं। बताया जा रहा है कि दिल्ली की 7 में 4 लोकसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ सकती है। वहीं, कांग्रेस तीन सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार सकती है। हालांकि आप और कांग्रेस की तरफ से अभी तक इसका आधिकारिक तौर पर एलान नहीं किया गया है।

**कौन कहां से लड़ेगा चुनाव?** समाचार एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से गुरुवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में सीट बंटवारे को लेकर आप और कांग्रेस के बीच बातचीत अंतिम चरण में है और दोनों पक्ष जल्द ही अपने गठबंधन की घोषणा कर सकते हैं। दोनों पक्षों ने सीटों पर प्रत्याशियों के लड़ने को लेकर भी सहमति जताई है। इस संबंध में आम आदमी पार्टी के सूत्रों का कहना है कि दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली और नई दिल्ली की सीटों पर आप अपने उम्मीदवार उतारेगी। वहीं कांग्रेस दिल्ली की चांदनी चौक, पूर्वी दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर अपने प्रत्याशियों उतारेगी।

**अभी भाजपा के पास हैं सातों सीटें:** इससे पहले बीते बुधवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गठबंधन पर बातचीत में देरी हो रही है और अगले एक या दो दिनों में ताजा अपडेट आ सकता है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई महीने में होने की संभावना जताई जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सातों सीटें भाजपा ने जीत दर्ज की थी।

### 'सीएम केजरीवाल 3-4 दिनों में गिरफ्तार होंगे: आतिशी

**टीम एक्शन/इंडिया/नई दिल्ली**
**बृहस्पतिवार** को ईडी द्वारा अरविंद केजरीवाल को सातवां समन भेजे जाने के बाद आतिशी ने बड़ा दावा किया है। दिल्ली की मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि आने वाले तीन से चार दिनों में अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि आम आदमी पार्टी को धमकी मिली है। अरविंद केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि आम आदमी पार्टी के पास एक मैसेज आया है कि अगर आम आदमी पार्टी ने आईएनडीआईए नहीं छोड़ा तो आने वाले दो दिनों में अरविंद केजरीवाल को सीबीआई का नोटिस आएगा। आतिशी ने दावा किया हो सकता है कि शनिवार को या सोमवार को नोटिस आएगा और सीबीआई-ईडी द्वारा उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

धमकी मिली है कि अगर आईएनडीआईए दिल्ली में मिलकर चुनाव लड़ेगा। अगर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस सीट शेयरिंग करेंगे तो आने वाले तीन से चार दिनों में अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाएगा।

## झपटमारी की नई तरकीब



**टीम एक्शन/इंडिया/नई दिल्ली**
**न्यू** उस्मानपुर इलाके में बदमाश ने मोबाइल झपटने के लिए अलग ही पैंतरा अपनाया। बिरयानी खरीद रहे युवक से पुलिस को कॉल करने के लिए बदमाश ने मोबाइल मांगा और लेकर चंपत हो गया। अंकित तिवारी की शिकायत पर न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस ने झपटमारी की धारा में प्राथमिकी की है।

बदमाश की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। अंकित तिवारी अपने परिवार के साथ न्यू उस्मानपुर चौथा पुश्ता पर रहता है। वह दुकान से बिरयानी खरीद रहा था, तभी एक अंजान शख्स उसके पास आया और युवक से कहा कि उसका मोबाइल चोरी हो गया है। उसने

**चंपत हुआ**

**8 बिरयानी खरीद रहे युवक से पुलिस को कॉल करने के लिए बदमाश ने मोबाइल मांगा और लेकर चंपत हो गया।**

युवक से पुलिस को वारदात की सूचना देने के लिए मोबाइल मांगा, युवक उसके झांसे में आ गया और शख्स को मोबाइल दे दिया। वह पुलिस को कॉल करने का बहाना बनाने लगा और दुकान के बाहर मोटरसाइकिल पर पहले से खड़े अपने साथी के साथ फरार हो गया। पीड़ित ने उनका पीछा भी किया, लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए।

## आबकारी घोटाला: ईडी ने सीएम केजरीवाल को भेजा 7वां समन

**टीम एक्शन/इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली सरकार की अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति में कथित घोटाले का मामला थमता नहीं दिख रहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को सातवां समन जारी कर दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया है। ताजा जानकारी के मुताबिक, ईडी की ओर से इस बार सीएम केजरीवाल को पूछताछ के लिए सोमवार यानी 26 फरवरी को बुलाया गया है। उल्लेखनीय है कि ईडी के छठे समन पर सोमवार को एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए थे। आम आदमी पार्टी ने ईडी के समन को "अवैध" बताते हुए कहा



था कि मामला अब अदालत के समक्ष है। आप ने भाजपा पर आरोप लगाया था कि दिल्ली में उनकी सरकार को गिराने के लिए अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहती है।

इससे पहले केजरीवाल 2 फरवरी, 31 जनवरी, 19 जनवरी, 21 दिसंबर और 2 नवंबर के ईडी के समन पर पूछताछ को नहीं पहुंचे थे।

**समन जारी**

**8 ईडी ने सातवां समन जारी कर मुख्यमंत्री केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया**

**ईडी के छह समन नजरअंदाज कर चुके हैं दिल्ली सीएम:** मालूम हो कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इससे पहले ईडी के छह समन को नजरअंदाज कर चुके हैं। वह समन पर ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। आम आदमी पार्टी ने ईडी के समन को राजनीति से प्रेरित बताया है।

## सिसोदिया की मुश्किलें और बढ़ी सीबीआई के बंद लिफाफे में हैं कई राज

**टीम एक्शन/इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली शराब** घोटाला मामले में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की जा रही जांच की स्थिति रिपोर्ट आज राजधानी की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश की गई। अदालत ने पिछली सुनवाई में सीबीआई से उनकी जांच की स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा था। उसी आदेश के चलते आज सीबीआई ने कोर्ट में एक सील बंद लिफाफे में जांच की स्थिति रिपोर्ट पेश की।

**'रिपोर्ट की डिटेल का खुलासा नहीं होगा':** इस पर कोर्ट ने कहा कि अभी स्थिति रिपोर्ट को जांच के लिए नहीं खोला गया है। अदालत



ने यह भी कहा कि वह जांच की डिटेल का खुलासा नहीं कर सकती।

अदालत ने अब इस मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च को तय की है। इसके साथ ही अदालत ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत भी 12 मार्च तक के लिए बढ़ा दी है।

## 'पानी के बिलों से निजात दिलाने को लाई गई स्कीम को भाजपा ने रोका'

**टीम एक्शन/इंडिया/नई दिल्ली**
**चंडीगढ़** मेयर चुनाव के बाद से आम आदमी पार्टी (आप) लगातार भाजपा पर हमलावर है। इसी क्रम में गुरुवार को आप ने अपने एक्स अकाउंट पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का वीडियो साझा किया है। जिसमें वह विधानसभा में बढ़े पानी के बिलों से निजात दिलाने के लिए लाई गई ओटीएस स्कीम रोकने को लेकर भाजपा पर निशाना साध रहे हैं। सीएम केजरीवाल कहते हैं 'दिल्ली में लगभग 27 लाख उपभोक्ता हैं। इन 27 लाख में 10.5 लाख यानी 40 प्रतिशत उपभोक्ता ऐसे हैं जो अपना बिल नहीं भर रहे। वो इसलिए बिल नहीं भर रहे क्योंकि उन्हें लगता है कि



उनके बिल गलत आए हैं, इसलिए वो अपना बिल नहीं भर रहे हैं। इन्हीं समस्याओं का समाधान करने के लिए हम वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लेकर आए। इस योजना को समझाते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने दो, तीन, चार सालों से बिल नहीं चुकाया है, उस दौरान अगर आपकी दो या दो से ज्यादा ओके रीडिंग मिलती हैं, जिस पर उपभोक्ता भी सहमत हैं और जल बोर्ड भी सहमत है तो उसको मान लिया जाएगा और उसका औसत ले लिया जाएगा।

## लबिश्नोई और हाशिम बाबा गिरोह के दो शूटर गिरफ्तार



**टीम एक्शन/इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस** की क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और असीम असीम उर्फ हाशिम बाबा गिरोह के दो शूटर को गिरफ्तार कर लिया है। यमुना विहार में रहने वाले करोल बाग के एक व्यवसायी से रंगदारी मांगने और उनके घर के गोलियां चलाने आदि कुछ अन्य मामले में दोनों वांछित थे। इनके पास से दो अत्याधुनिक पिस्टल, नौ कारतूस और एक स्कूटी की बरामद की गई है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर क्राइम ब्रांच संजय भाटिया के मुताबिक गिरफ्तार किए गए बदमाशों के नाम आमिर उर्फ सलीम उर्फ टिल्लन न्यू सीलमपुर और दानिश उर्फ सुल्तान उर्फ पप्पू वेलकम है। डीसीपी अमित गोयल, एसीपी रमेश चंदर लांबा, इंस्पेक्टर पंकज मलिक और रोहित कुमार के नेतृत्व में एसआई रूपेश बलियान, हवलदार गजेंद्र सिंह, नरेंद्र भारद्वाज व सिपाही दिनेश कुमार की टीम ने बुधवार को वनक्षेत्र, गढ़ी मेंडू, न्यू उस्मानपुर से दोनों को उस समय दबोच लिया, जब वे स्कूटी (बिना नंबर प्लेट) पर बुराड़ी की ओर जा रहे थे।

**मुठभेड़ में दोनों बदमाशों को लगी गोली:** पुलिस टीम ने जब उसे रोकने की कोशिश तब उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दी। एक गोली हवलदार गजेंद्र सिंह के बुलेटप्रूफ जैकेट और एक गोली इंस्पेक्टर रोहित कुमार के बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। दोनों बाल-बाल बच गए। आत्मरक्षा में हवलदार गजेंद्र सिंह और दिनेश कुमार द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगने से वे घायल हो गए। घायल बदमाशों को इलाज के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। दोनों के खिलाफ क्राइम ब्रांच में मामला दर्ज कर लिया गया।

## 'दिल्ली के सभी बस टर्मिनलों का होगा पुनर्विकास: परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत

**टीम एक्शन/इंडिया/नई दिल्ली**
**परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने** बृहस्पतिवार को बताया कि दिल्ली में सभी बस टर्मिनलों के पुनर्विकास की योजना तैयार है। आजादपुर और नजफगढ़ टर्मिनल के टेंडर भी निकाल दिए गए हैं। कुछ जगहों पर अड़चनें आ रही हैं।

**रजोकरी में चलेगी मोहल्ला बसें:** मसलन, महरौली बस टर्मिनल के पुनर्विकास में एएसआई ने एनओसी नहीं दी है। फिर भी धीरे धीरे लगातार काम आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि रजोकरी जैसे इलाकों में जहां बड़ी बसें जाना संभव नहीं हैं, वहां जल्द नौ मीटर की छोटी मोहल्ला बसें जाएंगी। अगले कुछ ही दिनों में इन बसों की डिलीवरी हो जाने की संभावना है। गहलोत बजट सत्र के सातवें दिन नियम संख्या 280 (विशेष उल्लेख) के तहत आप विधायक नरेश कुमार की समस्या पर जवाब दे रहे थे। नरेश कुमार का कहना था कि उनके विधानसभा क्षेत्र में महरौली बस टर्मिनल की स्थिति काफी खराब है, रजोकरी में बस सर्विस भी अच्छी नहीं है। विधायक बीएस जून ने बताया कि कि बिजवासन में कोरोना काल के दौरान 1700 बेड का बढ़िया अस्पताल बना था, लेकिन पिछले दिनों स्वास्थ्य सचिव ने यहां से एक साथ 175 लोग स्थानांतरित कर दिए। तभी से अस्पताल को मानो लकवा मार गया है। मरीजों को इलाज भी ठीक से नहीं मिल पा रहा है।

**विधायकों ने विधानसभा में रखी अपनी बात:** विधायक सहीराम



पहलवान का कहना था कि तुगलकाबाद में एक भी दमकल केंद्र नहीं है, जबकि इसके लिए फंड तक आवंटित हो चुका है। कृपया इसका निर्माण जल्द ही शुरू कराया जाए। विधायक शिवचरण गोयल ने कहा कि मोतीनगर बाल विद्यालय में एक जिम्नास्ट सेंटर बना हुआ था। 2019 में इसकी बिल्डिंग दोबारा बनाने की योजना बनी, लेकिन काम आज तक शुरू नहीं हो पाया। विधायक सुरेंद्र कुमार का कहना था कि उनकी विधानसभा में 16 कमरों और 3600 बच्चों वाला स्कूल है। जगह के अभाव में यहां बहुत समस्या हो रही है। जबकि वहां 1200 वर्ग मीटर जगह खाली भी पड़ी है। स्कूल की नई बिल्डिंग बनाई जानी चाहिए। करोल बाग से विधायक विशेष रवि ने तुगलकाबाद में गुरु रविदास का मंदिर तोड़े जाने पर एक बार फिर दुख जताया। 10

**जानकारी**

**8 महरौली बस टर्मिनल के पुनर्विकास में एएसआई ने एनओसी नहीं दी है। फिर भी धीरे धीरे काम आगे बढ़ रहा**

अगस्त 2019 को डीडीए ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में यह मंदिर तोड़ा गया था। तब दलितों के विरोध पर केंद्र सरकार ने दावा किया था कि जल्द ही वैकल्पिक स्थान पर नया मंदिर बनाया जाएगा, लेकिन पांच साल हो गए, केंद्र सरकार ने अभी तक इस मंदिर को फिर से बनाने का वायदा पूरा नहीं किया। इस मुद्दे का समर्थन करते हुए देवली के विधायक अजय दत्त भी बोलने लगे तो बिना अनुमति बोलने को खड़े होने पर विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने उन्हें डांटा भी और कहा कि यह कोई सब्जी मंडी नहीं है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने गांवों को संपत्ति कर के नोटिस भेजे जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल और महापौर शैली ओबेराय ने ऐलान किया था कि गांवों में संपत्ति कर माफ कर दिया गया है, लेकिन यह सिर्फ कागजी घोषणा ही थी। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो संपत्ति कर के नोटिस भेजे जा रहे हैं और दूसरी तरफ गांवों के विकास की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। नगर निगम के बजट में दिल्ली के 360 गांवों के विकास के लिए मात्र 21.5 करोड़ रुपए रखे गए हैं।

## कोंडली में युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**टीम एक्शन/इंडिया/नई दिल्ली**
न्यू अशोक नगर थाना क्षेत्र के कोंडली में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के पास से ऐसा कोई कागजात नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। युवक के गले पर चोट के निशान मिले हैं। लूटपाट के लिए हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए



भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर तीन बजे कोंडली पुल के नीचे युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उसके पास से ऐसा कोई कागजात बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी पहचान हो सके। मृतक की पहचान के लिए पुलिस आसपास के थानों में भी पता लगा रही है।

## एम्स में मरीजों के लिए वाट्सएप हेल्पलाइन नंबर जारी




**टीम एक्शन/इंडिया/नई दिल्ली**
**एम्स ने** मरीजों की सुविधा के लिए एक वाट्सएप हेल्पलाइन नंबर (9355023969) जारी किया है, जो 29 फरवरी से 24 घंटे संचालित होगा। यदि एम्स में किसी मरीज से ओपीडी कार्ड बनवाने या इलाज के बदले रिश्वत की मांग करता है तो मरीज इस हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत कर सकते हैं। एम्स का सुरक्षा विभाग मरीजों की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करेगा। मामले में दोषी पाए गए कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं दलालों के पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

**मरीजों को ऐसे बरगलाने हैं दलाल:** असल में अस्पताल में दलालों की सक्रियता बड़ी समस्या रही है। दलाल मरीजों जल्दी इलाज कराने के नाम पर पैसों की मांग करते हैं। इसके अलावा एम्स में विभिन्न डायग्नोस्टिक लैब संचालकों के ऐसे दलाल सक्रिय है जो जल्दी जांच कराने का हवाला देकर मरीजों को बाहर निजी लैब में जांच कराने के लिए ले जाते हैं। एम्स द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास को मरीजों और उनके रिश्तेदारों से इस तरह की शिकायतें मिली थीं। इसके मद्देनजर एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। एम्स के मीडिया डिविजन की प्रभारी डॉ. रीमा दादा ने बताया कि इस पहल का मकसद एम्स को दलालों और रिश्वतखोरी से मुक्त करना है। मरीजों को बाहर जल्दी जांच के नाम पर बरगलाने या किसी भी चीज के लिए रिश्वत मांगे जाने पर मरीज वाट्सएप हेल्पलाइन पर किसी भी वक्त मैसेज भेजकर शिकायत कर सकते हैं।

## पहले किसानों को समझाएंगे, नहीं माने तो ऐक्शन लेगी दिल्ली पुलिस

**टीम एक्शन/इंडिया/नई दिल्ली**
**एमएसपी** पर गारंटी की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन जारी है। किसानों ने दिल्ली कूच करने की कोशिश की। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसानों और सुरक्षाबलों के बीच टकराव हुआ। कई जगहों पर प्रदर्शन उग्र भी हुआ। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग की ओर बढ़ने की कोशिश की। उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोलों के साथ रबड़ की गोलियां चलाईं। शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने 20 से 25 किसानों को हिरासत में ले लिया। करीब 40 किसानों के घायल होने की खबर है। इस बीच खनौरी बॉर्डर पर एक किसान की मौत हो गई। फतेहाबाद जिले के टोहाना में किसान आंदोलन के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी की जान चली गई। इधर दिल्ली में भी प्रदर्शन का असर देखा गया। राजधानी के कई रास्तों पर ट्रैफिक की भारी समस्या देखने को मिली।

**800 ट्रैक्टर-ट्रॉली से 1400 किसान दिल्ली जाने को तैयार:** अंबाला के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसान दिल्ली की ओर बढ़ने की तैयारी में हैं। करीब 1400 किसान दिल्ली जाने के लिए तैयार हैं। उनके पास 800 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और दूसरी गाड़ियां हैं। उन्हें रोकने के लिए पुलिस बल भी पूरी तरह तैयार है। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसानों और सुरक्षा बलों के बीच टकराव भी हुआ। पंजाब के किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर से दिल्ली जाने की कोशिश कर रहे हैं। 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने की बात भी सामने आई है। खनौरी बॉर्डर पर



बुधवार दोपहर एक बजे के आसपास तनाव बढ़ गया। किसानों के आगे बढ़ने पर पुलिस ने आंसू गैस के बम के साथ रबड़ की गोलियां चलाईं। इसके बाद किसान हाइवे छोड़कर आसपास के खेतों में जमा हो गए। शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने 20 से 25 किसानों को हिरासत में ले लिया। किसानों ने जेसीबी से बॉर्डर पर लगे अवरोधक को हटाने की कोशिश की। करीब 40 किसानों के घायल होने की खबर है। बॉर्डर पर भारी पुलिस फोर्स तैनात है। किसान आंदोलन का बुधवार को नौवां दिन है।

**सिंघु बॉर्डर पर पार करनी होंगी कई लेयर:** सबसे ज्यादा सुरक्षा बलों की तैनाती सिंघु बॉर्डर पर इन दिनों है। किसानों को रोकने के लिए सीमेंट के 14 बड़े बड़े बैरिकेड्स की लेयर, दिल्ली पुलिस के कटीले तारों से लैस लोहे के 16 बैरिकेड की लेयर, साथ ही लोहे के 8 कंटेनरों की लेयर लगी हुई थी। सिंघु बॉर्डर पर ही एक रोड रोलर, 5 जेसीबी, 6 क्रेन 24 घंटे के लिए लगाई गई हैं। इनके अलावा अर्द्धसैनिक बल की 5 कंपनियां, सीआरपीएफ की महिला बटालियन की 3 कंपनियां, दिल्ली पुलिस के आंसू गैस छोड़ने के लिए दो दर्जन जवान के अलावा भारी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती है। सिंधू बॉर्डर पर एयर डिटेक्टर फ्लैग लगाया गया है, जिससे हवा का रुख पता करके उसी दिशा में आंसू गैस के गोले दागे जा सकते हैं।

**धारा 144 लागू**

**8 दिल्ली में धारा 144 लगी है, जबरन प्रवेश करने की कोशिश में उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी**

**एक्शन लेने से पहले समझाएगी पुलिस:** पुलिस अफसरों का कहना है अगर किसान सिंघु बॉर्डर तक पहुंच भी जाते हैं तो सबसे पहले उनकी प्राथमिकता प्रदर्शनकारियों को समझाने की होगी। इसके लिए लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। दिल्ली में धारा 144 लगी है, जबरन प्रवेश करने की कोशिश में उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद भी वे नहीं माने और हिंसा की तो पुलिस ने उनसे दूसरी तरह से निपटने की भी पूरी तैयारी कर रखी है।

# विस्तार शिक्षा संस्थान में हुआ चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में शिवस्तार अधिकारियों के लिए सहभागी कृषि विस्तार दृष्टिकोण विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन समारोह में डा. सुजाता शर्मा, निदेशक, तपन विकलांग केंद्र, नीलोखेड़ी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डा. संजय कुमार ने की।




डा.सुजाता ने कहा कि कृषक समुदाय को अपनी समस्याओं की पहचान करके परियोजनाओं का आयोजन करने और परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु स्वेच्छा से सहयोग देना चाहिए और उनमें प्रतिभागी बनना चाहिए। लोगों की सहभागिता किसी विस्तार कार्यक्रम की सफलता के लिए आधारभूत महत्व रखती है। लोगों को कार्यक्रम विकसित करने और क्रियान्वित करने में भागीदारी करनी चाहिए तथा यह महसूस करना चाहिए कि यह उनका अपना कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि सहभागी दृष्टिकोण कृषि विकास में महत्पूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए कृषि विस्तार अधिकारियों को विभिन्न परियोजनाओं में कृषक समाज की सहभागीता बढ़ाने हेतू प्रयास करने चाहिएं। क्षेत्रीय निदेशक डा. कुमार

**प्रशिक्षण**

**समापन समारोह में डा. सुजाता शर्मा, निदेशक, तपन विकलांग केंद्र, नीलोखेड़ी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की**

ने बताया कि यह संस्थान वाईस-चांसलर प्रोफेसर बीआर. कांबोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेतृत्व में उत्तर भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन, वानिकी, महिला एवं बाल विकास इत्यादि विभागों के विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है। वित्तीय सहयोग देने के लिए विस्तार निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल का भी धन्यवाद किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के बारे में अपना फीडबैक देते हुए संस्थान की सुविधाओं की बड़ी प्रशंसा की।

प्रशिक्षण संयोजक डा. सत्यकाम मलिक ने बताया कि प्रशिक्षण में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड के विस्तार अधिकारियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया।

# 'नशा मुक्ति केंद्र 10 प्रतिशत बेड नशे से ग्रस्त गरीब लोगों के इलाज के लिए रखें आरक्षित'

**सेवा**

**मीटिंग में उपस्थित सभी मनोरोग चिकित्सकों को सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

सिविल सर्जन की अध्यक्षता में वीरवार को जिला के सभी नशा मुक्ति केंद्रों के मनोरोग विशेषज्ञों, डॉक्टरों एवं संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। उप सिविल सर्जन डा. सिम्मी कपूर ने मीटिंग में उपस्थित सभी मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टरों व संचालकों को अवगत कराया कि स्वास्थ्य विभाग डीजी ऑफिस पंचकूला के आदेशानुसार इस मीटिंग के दो मुद्दे पर विचार किया जाना है।

उन्होंने बताया कि जिला में जितने भी मनोरोग विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। उनका रजिस्ट्रेशन मेंटल हेल्थ एक्ट 2017 के अनुसार करवाया जाए, जिसकी गाइडलाइंस सभी साइकैटरिस्ट को दे दी गई है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग डीएचएस पंचकूला के आदेश अनुसार सभी नशा मुक्ति केंद्रों को आदेश दिए गए कि अपने केंद्र के अधीनस्थ 10 प्रतिशत बेड गरीब नशे से ग्रस्त लोगों के इलाज के लिए आरक्षित रखें जाएं, जिससे उनका निशुल्क इलाज किया जाए। इसके अतिरिक्त सिविल सर्जन ने सभी डॉक्टरो के विचारों को सुना और उनका समाधान भी उसी समय किया। मीटिंग में उपस्थित सभी मनोरोग चिकित्सकों को सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### एसपी ने जिले के तमाम प्रर्यवेक्षण अधिकारियों व उनके प्रवाचकों के साथ की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन द्वारा जिले में लम्बित मामलों, शिकायतों और अन्य लम्बित कार्यों का प्राथमिकता से निपटारा करने के लिए तमाम प्रर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधकों, पुलिस चौकी इंचार्जों, थाना मुंशी व मालखाना मोहर्र को अलग-अलग मीटिंग के माध्यम से निर्देश दिए जा रहे हैं।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी प्रर्यवेक्षण अधिकारियों व उनके प्रवाचकों के साथ मीटिंग की गई। इस मीटिंग के माध्यम से उन्होंने सभी प्रर्यवेक्षण अधिकारियों व उनके प्रवाचकों को निर्देश दिए कि हरियाणा पुलिस मुख्यालय, जिला पुलिस मुख्यालय से जारी दिशा निर्देशों की पालना करने के साथ-साथ तमाम एसओपी की भी पालना करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रर्यवेक्षण अधिकारी के स्तर पर या प्रर्यवेक्षण अधिकारी के अंतर्गत आने वाले संबंधित थानों में लम्बित मामलों, शिकायतों, फॉरेंसिक लैब से संबंधित कार्य या डॉक्टरों से संबंधित कार्यों का बिना देरी किए नियमानुसार निपटारा करवाएंगे और लंबित मुकदमों का चालान जल्दी तैयार करके न्यायालय में जमा करने व पर्यवेक्षण अधिकारी के अंतर्गत आने वाले थानों का निरीक्षण निर्धारित समय के अंदर करने के भी निर्देश दिए।

एसपी ने पर्यवेक्षण अधिकारियों को किसी तरह की समस्या आने पर उनसे सलाह मशवरा करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करनाल मिस प्रभिना पी और जिला के तमाम प्रयवेक्षण अधिकारी और उनके प्रवाचक, प्रवाचाक पुलिस अधीक्षक और इंचार्ज शिकायत शाखा एएसआई विनोद मौजूद रहे ।

# सेलर से जीरी के कट्टे चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** थाना निसिंग की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी कृष्ण पुत्र धर्मा राम और शेखर पुत्र वेदपाल वासियान औगंध को औगांध मोड से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चोरीशुदा आठ कट्टे जीरी और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गई।



पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपियों ने 20 फरवरी को शिकायतकर्ता मोहित वासी निसिंग के केसी एग्रो सेलर जो कि गुल्लरपुर रोड निसिंग पर स्तिथ है से आठ कट्टे जीरी चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था।

इस संबंध में नामालुम आरोपी के खिलाफ थाना निसिंग में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ में पाया गया कि आरोपियों ने नशापूर्ति के लिए वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना से छात्राओं का होता है सर्वांगीण विकास: महेंद्र सिंह बागी

**शिविर**

**स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय में खेल मैदान के रैंप को तैयार किया तथा पेड़ पौधों की कटाई कार्य किया**



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** राजकीय महिला महाविद्यालय बस्ताड़ा के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी के कुशल दिशा-निर्देशन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्त्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय में खेल मैदान के रैंप को तैयार किया तथा पेड़ पौधों की कटाई तथा छंटाई का कार्य किया। स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण को स्वच्छ तथा सुंदर बनाने का कार्य किया। प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य तथा महत्व पर स्वयं सेविकाओं को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है तथा छात्राएं देश सेवा और समाज सेवा से जुड़ती हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी अनुराधा ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना में बढ़-चढकर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। हिंदी के सहायक प्रवक्ता डॉ. विक्रम सिंह ने खेलों के महत्व तथा प्रकृति संरक्षण के बारे में स्वयंसेविकाओं को जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के क्लर्क सुमित वर्मा ने भी श्रमदान किया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्या पूजा, अपूर्वा तथा डॉ. मीनू आनंद विशेष रूप से उपस्थित रही।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाला गिरफ्तार, ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** एंटी व्हीकल थेफ्ट यूनिट की टीम ने जिला कोर्ट मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश से आरोपी राजेंद्र पुत्र ब्रिजपाल वासी हरसाना जिला शामली उत्तर प्रदेश को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर एक दिन के रिमांड पर लिया गया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से चुराया गया ट्रैक्टर मार्का सोनालिका और ट्रॉली बरामद की गई।



पुलिस जांच में पाया गया कि 28 जनवरी को आरोपी राजेंद्र ने शिकायतकर्ता प्रदीप वासी जींद जो कि करनाल में ठेके लेता है, का ट्रैक्टर और ट्रॉली जो कि मेरठ रोड करनाल गली नंबर 4 से चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत थाना सेक्टर 32-33 में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी राजेंद्र एक आदतन अपराधी है। उसने चोरी की कई वारदातों को अंजाम उत्तर प्रदेश में भी दिया है।

वह फिलहाल चोरी के मुकदमे में मुजफ्फर नगर जेल में बंद था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# किसानों को दी सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के लाभ व तरीकों की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

**जल** बचाने व जल सिंचाई प्रबंधन के लिए मिकाडा व हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी के सयुंक्त तत्वाधान में खंड मुनक के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में एक दिवसीय जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड के 100 किसानों ने भाग लिया।

कार्यकारी अभियन्ता हरिदेव काम्बोज ने किसानों को जल समितियों के उद्देश्यों व कर्तव्यों के बारें में जानकारी देते हुए बताया कि जल समिति द्वारा ही जल का सही प्रबंधन किया जा सकता है। उन्होंने सूक्ष्म सिंचाई पद्धति के



माध्यम से खेत में पानी की बचत व इस पद्धति पर हरियाणा सरकार द्वारा दी जाने वाली सबसिडी के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने सुक्ष्म सिंचाई पद्धति पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सुक्ष्म सिंचाई एवं कमान क्षेत्र विकास प्राधिकरण (मिकाडा) की सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली के तहत किसानों के लिए योजनाओं की शुरूआत की गई है, जिसमें सरकार द्वारा किसानों को 85 प्रतिशत अनुदान राशि ड्रिप या

**जागरूक किया**

**जल समितियों के उद्देश्यों के बारें में बताया कि जल समिति द्वारा ही जल का सही प्रबंधन किया जा सकता है**

स्प्रींकलर लगावाने पर दी जाती है। जैन इरीगेशन के प्रतिनिधि डा. अशोक भारद्वाज ने किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के लाभ व तरीके के बारे में जानकारी दी।

इस प्रणाली से सिंचाई करने पर फसलों की गुणवत्ता और उत्पादकता में भी सुधार होता है। हमारे देश में अधिकांशतः खेतों में सिंचाई के लिये कच्ची नालियों द्वारा पानी लाया जाता है, जिससे तकरीबन 30-40 फीसदी पानी रिसाव की वजह से बेकार चला जाता है। ऐसे में सूक्ष्म सिंचाई पद्धति का इस्तेमाल करने में फायदा ही फायदा है। इस अवसर पर नेटाफीम के प्रतिनिधि राहुल नागर, रिवुलिश कम्पनी के प्रतिनिधि हेमंत, मिकाडा विभाग के गौरव कुमार जेई, अभिषेक पाठक जेई, आनन्द रोहिला जिलेदार, अशोक राणा पटवारी, हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेडी के ट्रेनर संजीव कुमार, संजय कुमार व गांव के किसान मौजूद रहे।

# आज समालखा में तेजी से हो रहा विकासः संजय



**समालखा/( कुलदीप सिंह )**

प्रदेश स्तरीय कमेटी सदस्य संजय छौक्कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेरे समालखा हल्के में भरपूर ग्रांट विकास कार्यों के लिए दी है और आज समालखा का विकास तेज गति से दौड़ रहा है। उन्होंने कहा कि समालखा हर क्षेत्र में जोरदार तरक्की कर रहा है। आज समालखा की तुलना विकसित हल्कों में होने लगी है। उन्होंने सरकार से अनुरोध भी किया कि जो खेतो के रास्ते हैं, उनको 10 की बजाय 12 फूट के बनानें का काम करें ताकि किसान भाईयों को सहूलियत हो सके। बीजेपी नेता संजय छौक्कर ने यह भी कहा कि हम तो स्वयं किसानों से मिलते है इसलिए हमें पता है किसान की बड़ी दयनीय हालत होती हैं। किसानों के लिए जितना किया जाए उतनी ही कम है। मैरिट के आधार पर नौकरी में ज्यादातर गरीबों का भला हुआ है, यह कारगर योजना हैं।

बीजेपी नेता छौक्कर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल देश व प्रदेश में सबका साथ-सबका विकास नीति पर कार्य कर रहे हैं। किसी भी क्षेत्र के साथ कोई भी भेदभाव नहीं किया जा रहा है। बिजली, पानी, शौचालय, सामुदायिक भवनों, सीवरेज व्यवस्था आदि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही है। जगमग योजना के तहत 24 घंटे लाईट प्रदान की जाती है।

# शरीर और आत्मा के लिए तोहफा है योग : दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत हर घर परिवार सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में कृष्ण कृपा धाम सेक्टर-9 में आयोजित की गई।

दिनेश गुलाटी ने बताया कि सूर्य नमस्कार में प्रत्येक आसन के दौरान विशिष्ट तरीके से श्वास लेने से हमारे फेफड़े मजबूत होते हैं, बेहतर ढंग से काम करते हैं, फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है। यह आपके श्वसन की कार्य प्रणाली में सुधार लाती है। मिशन प्रमुख दिनेश



गुलाटी और शिक्षिका शिवानी कंबोज ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सभी साधकों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। महिला वर्ग से उषा रानी, शीला और सुनीता चहल विजयी रहे। पुरुष वर्ग से बीआर चानना चुने गए। दंपत्ति प्रतियोगिता में गोपाल शर्मा और कुसुम शर्मा ने भाग लिया। पूर्ण परिवार की योग प्रतियोगिता के लिए कुसुम राणा और उसके परिवार का नाम चुना गया। 108 बार सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता के लिए राजेंद्र पपनेजा चुने गए।

# सेक्टर-32 में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

शिव प्रभात फेरी की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभातफेरियों का दौर जारी है। वीरवार को प्रभात फेरी ने सेक्टर 32 का भ्रमण किया। जगह-जगह पर श्रद्धालु पालकी के समक्ष नतमस्तक होते नजर आए। जगह-जगह पर भगवान शिव की पालकी का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव बम बम भोले के जयकारे लगाए। शिव भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। आज प्रभातफेरी सेक्टर-32 में नरसी विलेज शिव भक्त मोनू मेहता के



निवास से प्रारंभ हुई। इसके बाद विभिन्न गलियों से होते हुए शिव भक्त अंशुल गुप्ता के निवास पर विश्राम लिया। मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रभात फेरी में शामिल होकर महादेव का गुणगान कर रहे हैं। जो भी सच्चे मन से भगवान शिव को याद करता है, भगवान शिव उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं। इस अवसर पर शोभा, विभा, रमेश, शिल्पा, रामलाल, गोपाल, साजन, राधे कृष्ण, विकास, अजय, राजन ढींगडा, आशा, सुनीता कथूरिया सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोले बाबा का आशीर्वाद लिया।

# 'लक्ष्य प्राप्ति के लिए एकाग्रता के साथ-साथ नजरिया भी हो सकारात्मक'

## एनएसएस कैंप के समापन पर विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से बांधा समां

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष कैंप का समापन समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। गांव काछवा स्थित विनायक कॉलेज में आयोजित कैंप के समापन पर मुख्य अतिथि कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान डा.मेजर सिंह रहे।

डा. मेजर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकाग्रता के साथ-साथ नजरिया भी संस्कारात्मक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमेशा




अपने माता-पिता और गुरुजनों का आदर करें। जो विद्यार्थी यह सब गुण अपना लेता है, वह जीवन के हर लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है।

कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिंदर सिंह ने कहा कि विद्यार्थी बड़े ही अनुशासन और सेवाभाव से कार्य करते रहे हैं। कभी भी किसी कार्य का विलंब न करें और किसी कार्य को अधूरा न छोड़ें। कॉलेज परंपरागत शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक शिक्षा पर बल देता है और हमारे विद्यार्थी अत्यंत अनुशासित और संस्कारवान है।

इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। महक प्रीत कौर ने मंच संचालन के साथ-साथ एकल अभिनय भी किया। शैली चहल और कोमल ने सुंदर कविता प्रस्तुत की, जबकि दीप जोत और जश्न मेहता ने नृत्य की प्रस्तुति दी। रवि कटारिया ने हरियाणवी डांस किया। नितिन वर्मा एवं ललित को सर्वश्रेष्ठ कैंपर पुरुष तथा आरती एवं तनीषा को सर्वश्रेष्ठ कैंपर महिला का पुरस्कार दिया गया। नवीन को पेटू कैंपर, अनमोल को शांत कैंपर तथा अमन को होशियार कैंपर का पुरस्कार दिया गया।

**प्रस्तुति**

**मुख्य अतिथि कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान डा.मेजर सिंह रहे**

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार ने कैंप की गतिविधियों के बारे में बताया तथा प्रो. अजय ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस, विनायक कॉलेज के निदेशक नरेश मान, डा. रामपाल सिंह, प्रो. शशि मदान, प्रो. अंजू चौधरी, डा. बीर सिंह, डा. देवी भूषण, डा. दीपक, प्रो. मनीष, डा. कृष्ण अरोड़ा एवं भारी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# मोटरसाइकिल चोरी काबू, चुराई गई मोटरसाइकिल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

सीआईए टू की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी शिव कुमार पुत्र हुकुम चंद वासी खेड़ी नरू को उसके गांव से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चुराई गई मोटरसाइकिल मार्का एचएफ डिलक्स एचआर-05बी-7782 बरामद की गई। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी शिव कुमार ने 28 सितंबर 2023 को शिकायतकर्ता अनीता वासी खेड़ीनरू के घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में



अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना सदर में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ में गया कि आरोपी ने पैसों के लालच में वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

## संपादकीय

# पाकिस्तान में उथल-पुथल

**पाकिस्तान में** बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद देश में जो एक राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद थी, वह फिलहाल तो पूरी तरह खत्म हो गई हैं। पाकिस्तान, जिसकी नियति ही हो गई है हमेशा संकट में रहना कअब तो वह अराजकता की चपेट में है और भारी मुश्किल की स्थिति में दिखाई दे रहा है। हालांकि लंबी कवायद के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग ( नवाज) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने देश में मिल कर सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। फिलहाल राजनीतिक विश्लेषकों, पत्रकारों और आमजन को कुछ समझ नहीं आ रहा कि देश किस दिशा में जा रहा है। हर कोई अनभिज्ञ सा ही दिख रहा है। चुनाव के नतीजों ने पाकिस्तानी सेना के मोटी तोंद वाले जनरलों को उनकी औकात दिखा दी है। उनके लाख चाहने के बावजूद नवाज शरीफ की मुस्लिम लीग को जनता ने बहुमत नहीं दिया। नवाज शरीफ लंदन से इसी उम्मीद में पाकिस्तान वापस आए थे कि उन्हें फिर से पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल जाएगा। जाहिर है,पाकिस्तानी अवाम चुनाव नतीजों से हताश और अवाक है। चुनावों के नतीजों में कसकर धांधली हुई है। जनता को अब देश में राजनीतिक स्थिरता की कोई उम्मीद भी नहीं है। अफसोस देखिए कि जिन्हें जनता ने नकारा वे ही सरकार बनाने जा रहे हैं। दरअसल चुनाव में खंडित जनादेश आने के बाद एक के बाद एक वहां विवादों को ही जन्म मिला। खासकर चुनाव में अनियमितताओं के व्यापक आरोपों के कारण। मतदान में धोखाधड़ी के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी है और बलूचिस्तान का जनजीवन लगभग ठप पड़ा हुआ है। वहां पर चुनाव से पहले धमाकों की झड़ी सी लग गई थी। इसके साथ ही, रावलपिंडी के चुनाव आयुक्त ने चुनावों में धांधली के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके बाद तो चुनाव की विश्वसनीयता पर और सवाल खड़े हो गए हैं। इमरान खान की पार्टी ह्लपीटीआईह्व नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी पार्टी बनी। मतलब यह है कि जिस इमरान खान को एक के बाद एक गंभीर आरोपों के लिए दोषी मानकर जेल की सजा सुनाई जा रही है, लेकिन पाकिस्तान की जनता तो उसके साथ खड़ी है। पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता के कारण वहां की अर्थव्यवस्था भी धराशायी हो चुकी है, जिससे पाकिस्तान के भविष्य पर दूरगामी परिणाम होंगे। पाकिस्तान की ताजा निराशाजनक स्थिति के बीच एक खबर यह भी आई कि सिर्फ हमारे एक टाटा ग्रुप के सामने भी पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बौनी पड़ गई है। टाटा ग्रुप का मार्केट कैपिटलाइजेशन 365 अरब डॉलर पहुंच गया है। यह पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से भी कहीं ज्यादा है। पिछले साल टाटा ग्रुप की कई कंपनियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसी के बाद ही ग्रुप ने यह उपलब्धि हासिल की है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमानों के अनुसार, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का आकार करीब 341 अरब डॉलर का है। टाटा ग्रुप की एक कम्पनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की वैल्यू ही करीब 15 लाख करोड़ रुपये या 170 अरब डॉलर है। यह न केवल भारत की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है, बल्कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के लगभग आधे आकार की भी है। अब आप समझ सकते हैं कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति कितनी खराब हो चुकी है। कंगाली से गुजर रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इस समय गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रही है। पिछले साल आई बाढ़ ने पाकिस्तान को व्यापक स्तर पर नुकसान पहुंचाया है।

# रेडियो के जमाने के सरताज मखमली आवाज के धनी को सैल्यूट

**किशन सनमुखदास**

> "साथियों बात अगर हम माननीय प्रधानमंत्री द्वारा अमीन सयानी के निधन पर दुख व्यक्त करने की करें तो उन्होंने कहा रेडियो की दुनिया में अपनी मखमली आवाज से जादू बिखरेने वाले अमीन सयानी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया है। पीएम मोदी ने अमीन सयानी को श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया- अमीन सयानी जी की सुनहरी आवाज में एक आकर्षण और गर्मजोशी थी, जिसने उन्हें पीढ़ियों से लोगों का प्रिय बनाया. अपने काम के माध्यम से उन्होंने इंडियन ब्रॉडकास्टिंग में क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने लिस्नर्स के साथ एक खास बॉन्ड बनाया. उनके जाने से दुखी हूं।उनकी आत्मा को शांति मिले। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे"

**वैश्विक** स्तरपर कुछ व्यक्तित्व गॉड गिफ्टेड या स्वयं अपनी मेहनत माता-पिता के सहयोग दोस्तों यारों रिश्तेदारों के सामर्थ्य से अपनी कला को इस तरह निखारते हैं कि वह दुनियां के लिए एक मिसाल बन जाते हैं, लोग उनका उस समर्थ क्षेत्र में उदाहरण और मसल देते हैं। कई पीढियां तक उनका गुणगान गाया जाता है। संगीत, कला, मानव सेवा सिनेमा, नेतृत्व, राजनीति, व्यापार व्यवसाय, स्वास्थ्य सहित अनेक ऐसे क्षेत्र हैं जिसमें अनेक निपुण व्यक्तियों का अपने नॉलेज के बल पर जीते जी तो क्या उनके शरीर त्यागने के बाद भी उनकी कला के दम पर उन्हें हमेशा याद रखा जाता है। ऐसा ही एक नाम भारतीय रेडियो में आवाज की दुनिया के फनकार मखमली आवाज के धनी अमीन सयानी जी हैं, जो रेडियो पर उनके प्रोग्राम से सड़कों पर सन्नाटा छा जाता था। मेरे अपने राइट सिटी गोंदिया में मेरा परिवार इसका जीता जागता उदाहरण है। मेरे ग्रैंडफादर श्री स्व ईंदनदास जी भावनानी ने रेडियो पर बिनाका गीत माला जो प्रति बुधवार को आता था, बहुत ध्यान से सुनते थे साथ में मेरे पिताजी श्री स्व सनमुखदास जी भावनानी ने और फिर उनकी तीसरी पीढ़ी मैं भी बिना का गीतमाला रोज रात्रि 8 बजे से सुनते थे बहुत ध्यान से सुनकर एंजॉय करते थे। बाद में उसका नाम सिबाका गीत माला हो गया था।रेडियो क्षेत्र में अमीन साहनी की आवाज हमारे परिवार की तीन पीढियां ने बड़े चाव से सुनी। उसके बाद हमारी चौथी पीढ़ी इस नाम से थोड़ा सा अनजान जान पड़ती है। ऐसी शख्सियत का बुधवार दिनांक 21 फरवरी 2024 को 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया जिसकी जानकारी मीडिया में आते ही उनके फैन सदमें में में आ गए इससे हम जान सकते हैं कि वह कितनी बड़ी शख्सियत थे। चूंकि तीन पीढियां का मनोरंजन करने वाले रेडियो बादशाह पंच तत्वों में विलीन हो गए हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भाइयों और बहनों मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं, थम गई यह रेडियो की बुलंद आवाज।

साथियों बात अगर हम अमीन सयानी के निधन की करें तो, भारतीयों की पीढ़ियों के लिए रेडियो को परिभाषित करने वाली महान आवाज अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अपने प्रतिष्ठित कार्यक्रम बिनाका गीतमाला के लिए जाने जाने वाले, सयानी की आवाज भारतीय घरों में एक प्रधान थी, जिसने देश भर में संगीत और इसके प्रेमियों के बीच की दूरी को पाट दिया। 20 फरवरी की शाम को उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उन्हें दक्षिण मुंबई के एच एन रिलायंस अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने शाम 7 बजे के आसपास अंतिम सांस ली, जैसा कि उनके बेटे राजिल सयानी ने पुष्टि की है।



साथियों बात अगर हम अमीन सयानी के बारे में जानने की करें तो, उनका जन्म 21 दिसंबर 1932 मुंबई में हुआ। उन्होंने रेडियो की दुनिया में अपना बड़ा नाम स्थापित किया। दर्शक उनकी आवाज से सीधे तौर पर जुड़े और दिल थामकर उनके कार्यक्रम का इंतजार किया करते। अमीन सयानी ने रेडियो प्रेजेंटर के तौर पर अपने करियर की शुरूआत ऑल इंडिया रेडियो, मुंबई से की थी।उनके भाई हामिद सयानी ने उनका परिचय यहां से कराया था बता दें कि पचास हजार सेअधिक कार्यक्रमों का रिकॉर्ड दर्जरिपोर्ट्स के मुताबिक सयानी ने लगभग दस वर्षों तक अंग्रेजी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने भारत में ऑल इंडिया रेडियो को लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमीन सयानी ने नाम पर 54, हजार से ज्यादा रेडियो कार्यक्रम प्रोड्यूस/वॉयसओवर करने का रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने करीब 19, हजार जिंगल्स के लिए आवाज देने के लिए भी अमीन सयानी का नाम लिम्का बुक्स ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है।फिल्मों में दर्ज कराई उपस्थिति रेडियो ने अमीन सयानी को जो पहचान दिलाई, वह बहुत आगे तक कई। वे कई फिल्मों में रेडियो अनाउंसर के तौर पर नजर आए। इनमें भूत बंगला, तीन देवियां, बॉक्सर और कत्ल जैसी फिल्में शामिल हैं। रेडियो की दुनिया में अपने योगदान के लिए अमीन सयानी को कई बड़े व प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें लिविंग लीजेंड अवॉर्ड (2006), इंडियन सोसाइटी ऑफ एटवरटाइजमेंट की तरफ से गोल्ड मेडल (1991) , पर्सन ऑफ द ईयर अवॉर्ड (1992)- लिम्का बुक्स ऑफ रिकॉर्ड्स शामिल हैं। अमीन सयानी रेडियो के सबसे फेमस अनाउंस थेरेडियो सिलोन और फिर विविध भारती पर? लगभग 42 सालों तक चलने वाला हिंदी गीतों का उनका कार्यक्रम बिनाका गीतमाला ने सफलता के सारे रिकॉर्ड तोड़े थे और लोग हर हफ्ते उन्हें सुनने के लिए बेकरार रहा करते थे।गीतमाला के साथ अमीन भारत के पहले होस्ट गए थे जिन्होंने उभरते संगीत परिदृश्य के बारे में अपनी गहरी समझ को प्रदर्शित करते हुए एक कंप्लीट शो को क्यूरेट किया और प्रेजेंट किया था। शो की सक्सेस ने एक रेडियो वादक के रूप में सयानी की स्थिति को मजबूत कर दिया था।

साथियों बात अगर हम अमीन सयानी के प्रसिद्ध शो की करें तो,बिनाका गीतमाला साल 1952 में शुरू हुआ था। पहले ये कार्यक्रम रेडियो सिलोन पर आता था और उसके बाद ये विविध भारती पर शुरू हुआ। बिनाका गीतमाला का नाम बाद में सिबाका गीतमाला हो गया। ये कार्यक्रम 42 साल तक चला था। बिनाका गीतमाला साल 1952 में शुरू हुआ थो पहले ये कार्यक्रम रेडियो सिलोन पर आता था और उसके बाद ये विविध भारती पर शुरू हुआ। नमस्ते बहनों और भाइयों, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं। परिचित अभिवादन और तुरंत पहचानी जाने वाली आवाज 1952 से 1988 तक रेडियो सीलोन पर हर बुधवार को अनगिनत घरों में प्रसारित होती थी, जो आज भी श्रोताओं के बीच मजबूत पुरानी यादों को जगाती है। अमीन रेडियो पर आने वाले शो बिनाका गीतमाला को होस्ट करते थे। 30 मिनट के इस रेडियो प्रोग्राम में एक के बाद एक एवरग्रीन गानों से अमीन श्रोताओं का मनोरंजन करते थे। ऑल इंडिया रेडियो के मशहूर अनाउंसर अमीन सयानी का बचपन से ही साहित्य में खास लगाव था। इसका खास कारण हैं कि अमीन की मां रहबर नामक समाचार पत्र निकालती थीं और उनके भाई हामिद सयानी भी रेडियो अनाउंसर थे। दरअसल, अमीन भी 1952 में रेडियो सीलोन से अपने करियर की शुरूआत की।अमीन का रेडियो से परिचय उनके भाई हामिद ने कराया था। बता दें कि, अमीन ने अपने करियर की शुरूआत इंग्लिश प्रोग्राम से की थी। फिल्मों में भी नजर आ चुके है अमीन, इन फिल्मों में आए नजर अमीन, कत्ल, तीन देवियां, भूत बंगला और बॉक्सर जैसी फिल्मों मे अभिनय कर चुके है। इन फिल्मों में वह शो के प्रेजेंटर के रोल में नजर आए थे इन फिल्मों में वह शो के प्रेजेंटर के रोल में नजर आए थे।

साथियों बात अगर हम माननीय प्रधानमंत्री द्वारा अमीन सयानी के निधन पर दुख व्यक्त करने की करें तो उन्होंने कहा रेडियो की दुनिया में अपनी मखमली आवाज से जादू बिखरेने वाले अमीन सयानी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया है। पीएम मोदी ने अमीन सयानी को श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया- अमीन सयानी जी की सुनहरी आवाज में एक आकर्षण और गर्मजोशी थी, जिसने उन्हें पीढ़ियों से लोगों का प्रिय बनाया. अपने काम के माध्यम से उन्होंने इंडियन ब्रॉडकास्टिंग में क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने लिस्नर्स के साथ एक खास बॉन्ड बनाया. उनके जाने से दुखी हूं।उनकी आत्मा को शांति मिले।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि तीन पीढ़ियों का मनोरंजन करने वाले रेडियो बादशाह पंचतत्व में विलीन। भारतीय रेडियो के जमाने के सरताज मखमली आवाज के धनी को सैल्यूट।भाइयों और बहनों मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं, थम गई रेडियो की यह बुलंद आवाज

## कविता

पीड़ा भरी पुकार मेरी तुम्हें सुहाती'

मेरी पीड़ा भरी पुकार तुम्हें हमेशा सुहाती,
जब भी मनुहार से तुम्हें मैं पुकारती '

उसी क्षण तुम तत्काल दौड़े चले आते,
सदैव मेरी पीड़ा से कितना तुम अकुलाते'

भरी तपन में बूंद बूंद वर्षा की बनकर तुम,
आप्लावित कर देते संपूर्ण इस धरा को तुम ।

देख कर फैली हुई रात्रि की चांदनी तुम्हारी,
मेरी अंधेरी निशा भी बन जाती दिवाली'

भव्य दिव्य प्रकाश तुम्हारा जो पा जाति मैं,
जगमग सी जगमगाती अंधेरी दुनिया मेरी।

फूलों सा डाली-डाली मुस्कुराते अधर तुम्हारे,
गीत मधुर मधुर पंछियों को सुना तुम लहराते।

ईश्वर से है कामना, हर क्षण हो मुझे पीड़ा,
मेरी दर्द भरी पुकार तुम सुनकर दौड़े चले आते।

स्नेह मनुहार मेरा सदैव मैं तुम्हें यूं ही पुकारती रहूं,
मेरी पुकार पर तुम तत्क्षण पास चले आते रहें।

संजीव
---------

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर ऐतिहासिक फैसला

**रोहित माहेश्वरी**

**सर्वोच्च** न्यायालय ने चंडीगढ़ के महापौर चुनाव में हुई गड़बड़ी पर सख्त रवैया अपनाते हुए जिस तरह आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार को निर्वाचित घोषित किया उसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है । न्यायपालिका की यही निडरता देश में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने में सहायक है । यद्यपि राजनेताओं को ये अच्छा नहीं लगता और अनेक मर्तबा इस बात को लेकर बहस भी चली कि न्यायाधीश अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर निकलकर कार्यपालिका और विधायिका के दैनंदिन कार्यों में भी हस्तक्षेप करते हैं। चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव पर सर्वोच्च न्यायिक पीठ ने जो न्याय किया है, वह ऐतिहासिक और क्रांतिकारी है। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च अदालत ने, चुनाव जैसे मुद्दे पर, जिस विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया है, वह अभूतपूर्व है। यह ऐसा फैसला है, जिसे कोई चुनौती नहीं दे सकता। न्यायपालिका ने लोकतंत्र और उसमें निहित जन-शक्ति को बचाकर मिसाल कायम की है। वोट की लूट नहीं मचाई जा सकती और न ही चुनाव प्रक्रिया में धांधलियां कामयाब हो सकती हैं। सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले के जरिए यह संदेश पूरे देश को दिया है। मेयर चुनाव के पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह को ह्यकदाचारह्ल का दोषी भी करार दिया गया है। अब उनके खिलाफ मुकदमा चलेगा और 3 से 7 साल तक की सजा भी दी जा सकती है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन न्यायाधीशों ने पहली बार अदालत में ही किसी चुनाव के वोट जांचे और नतीजा घोषित किया। न्यायाधीशों ने कहा कि चुनावी लोकतंत्र की प्रक्रिया को धोखाधड़ी से नाकाम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जहां असाधारण स्थितियां बनती हैं, वहां अदालत को दखल देना पड़ता है, ताकि बुनियादी जनादेश को संरक्षित किया जा सके। अनुच्छेद 142 के तहत अदालत का यह पहला ह्यसुप्रीम फैसलाह्ल है। इससे पहले भोपाल गैस त्रासदी कांड के पीड़ितों को राहत पहुंचाने और उन्हें मुआवजा दिलाने, राजीव गांधी के हत्यारे पेरारिवलन को जेल में 30 लंबे साल की सजा काटने के बाद रिहाई दिलाने और अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि के संदर्भ में अनुच्छेद 142 के तहत फैसले सुनाए गए थे। बेशक चंडीगढ़ मेयर चुनाव का मुद्दा अपेक्षाकृत छोटा है, लेकिन इसके प्रभाव व्यापक होंगे, क्योंकि यह आम चुनाव के कुछ दिन पहले ही सामने आया है और अदालत ने 19 दिनों में हस्तक्षेप कर फैसला सुनाया है। अब भाजपा की चुनावी साजिशों और मंसूबों पर लगातार सवाल उठाए जाएंगे। न्यायिक पीठ ने 30 जनवरी को घोषित मेयर का चुनाव खारिज कर दिया और अवैध मतपत्रों को ह्यवैधह्ल करार दिया और उन्हीं के आधार पर आम आदमी पार्टी (आप) एवं कांग्रेस के साझा प्रत्याशी कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ का मेयर घोषित कर दिया।

## विचार

# सपा कांग्रेस गठबंधन से त्रिकोणीय हुई लड़ाई

**आशीष वशिष्ठ**

**आखिरकार** कांग्रेस और सपा के गठबंधन पर मुहर लग ही गई। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय षुरू हुई तीखी बयानबाजी और तल्ख रिशतों के बीच तमाम ऐसे मौके आए, जब लगा कि यह गठबंधन सिरे नहीं चढ़ेगा। लेकिन अंत भला तो सब भला। सीटों का बंटवार ऐसे समय हुआ है जब राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा उत्तर प्रदेष में है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या सपा कांग्रेस का गठबंधन भाजपा को चुनौती दे पाएगा? क्या कांग्रेस और सपा के साथ से उत्तर प्रदेश की राजनीतिक समीकरण और नतीजे बदलेंगे? क्या सपा कांग्रेस की दोस्ती से बसपा का नुकसान होगा? क्या सपा और कांग्रेस मिलकर भाजपा के चार सौ पार के मिशन को यूपी में रोकने में सफल होंगे? कांग्रेस और सपा दोनों की जमीनी स्थिति ऐसी है कि मतभेद और मनभेद के बाद भी दोनों को गठबंधन करना पड़ा। दरअसल, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और सपा का सियासी आधार एक ही वोट बैंक पर टिका है, वो मुस्लिम मतदाता हैं। सपा इस बात को बखूबी जानती है कि अगर एक बार मुस्लिम मतदाता उसे छिटकर कांग्रेस के पाले में चला गया तो उसे दोबारा वापस लाना मुश्किल हो जाएगा। हाल में हुए चुनाव का वोटिंग पैटर्न को देखें तो मुस्लिम वोटर एक बार फिर से कांग्रेस की तरफ लौट रहा है, खासकर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद से सियासी हालात बदले हैं। ऐसे में तमाम दल जो कांग्रेस के कोर वोट बैंक पर काबिज और अपने अपने राज्य में बड़े भाई की भूमिका में हैं. ऐसे में वे कांग्रेस को दोबारा से उभरने का मौका नहीं देना चाहते हैं। सीट बंटवारे में जो देरी हुई उसकी वजह मुस्लिम बहुल सीटें ही बतायी जाती हैं। फिलवक्त सपा प्रमुख पीडीए का फामूर्ला जमीन पर उतारने के लिए मेहनत कर रहे हैं। सीट बंटवारे में कांग्रेस के हिस्से में 17 सीटें आई हैं। जबकि समाजवादी पार्टी 63 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। समाजवादी पार्टी चंद्रशेखर आजाद की ह्लआजाद समाज पार्टीह्ल समेत कुछ छोटे दलों को अपने कोटे से सीट दे सकती है. यानी अखिलेश यादव और सपा को तय करना है कि गठबंधन में सपा के साथ बाकी कौन सी पार्टियां 63 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। यूपी में 7 साल बाद कांग्रेस और सपा दोबारा एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। दोनों दलों ने साथ मिलकर 2017 का विधानसभा चुनाव लड़ा था। सीट बंटवारे को लेकर हुए समझौते के तहत कांग्रेस अमेठी, रायबरेली, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी और देवरिया सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। सपा ने कुछ सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। सीट बंटवारा होने के बाद वाराणसी समेत कुछ सीटों पर उम्मीदवारों के नाम वापस लिए जा सकते हैं। सपा ने वाराणसी सीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने सुरेंद्र सिंह पटेल को उतारा है। सीट बंटवारे के बाद ये सीट कांग्रेस के कोटे में चली गई है। ऐसे में यहां से उम्मीदवार वापस लिया जाएगा। कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने व उसके कोटे की सीटें बढ़ाने के पीछे दो अहम फैक्टर माने जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि रालोद के जाने के बाद सपा के पास उसके कोटे की 7 सीटें खाली थीं। कांग्रेस को पहले ही 11 सीट का वादा किया जा चुका था। इसमें रायबरेली-अमेठी शामिल नहीं थी। इनको मिला लें तो 13 सीटों पर सपा पहले ही तैयार थी। रालोद के जाने के बाद उदारता दिखाना आसान हो गया। अंदरखाने यह भी फीडबैक था कि अल्पसंख्यक वोटरों में कांग्रेस को लेकर रुझान बेहतर हुआ है। प्रदेश की 25 से अधिक लोकसभा सीटों पर अल्पसंख्यक वोटरों की भूमिका प्रभावी है। ऐसे में कांग्रेस के अलग लड़ने से इन वोटरों के बंटवारे का भी खतरा था, जिसका सीधा नुकसान सपा को हो सकता था। हाल में राज्यसभा के टिकट सहित अन्य मसलों को लेकर भी सपा में मुस्लिमों की भागीदारी को लेकर सवाल उठे थे। इसलिए भी सपा ने वोटरों में एकता का संदेश देने का दांव खेला है। हालांकि, सीटों के बंटवारे में उसके कोर वोटरों को किसी और के पाले में खिसकने का खतरा न हो, इस पर सपा ने खास ध्यान दिया है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# विकसित भारत, मोदी का सपना और राष्ट्र का संकल्प

**प्रो. महेश चंद गुप्ता**

**हाल में नई दिल्ली में** आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के साथ-साथ विकसित भारत का सपना साकार करने पर मंथन हुआ है। इस मौके पर मोदी ने जो कुछ कहा, वह विचारणीय है। मोदी ने कहा कि हम राजनीति के लिए नहीं राष्ट्रनीति के लिए निकले हैं। भारत ने आज हर क्षेत्र में जो ऊंचाई हासिल की है, उसने हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है। ये संकल्प विकसित भारत का है।

मोदी बहुत पहले से विकसित भारत की बात कर रहे हैं। उन्होंने देश को 2047 तक विकसित बनाने का लक्ष्य तय कर रखा है। वह अक्सर कहते हैं कि अब देश न छोटे सपनें देख सकता है और न ही छोटे संकल्प ले सकता है। अब सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे। ये हमारा सपना भी है और संकल्प भी है कि हमें भारत को विकसित बनाना है। यह सही है कि मोदी ने जनता को छोटे-मोटे सपने कभी नहीं दिखाए। वह हमेशा सशक्त, समर्थ और विकसित भारत की बात करते आ रहे हैं और उस दिशा में उनकी सरकार 2014 से लगातार काम भी कर रही है। 2014 में 17 करोड़ से ज्यादा लोगों ने भाजपा को वोट देकर 282 सीटों के बहुमत से मोदी सरकार बनाई क्योंकि उन्हें मोदी से एक उम्मीद थी। पांच साल के बाद 2019 में लोकसभा चुनाव में 23 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने वोट देकर 303 सीटें भाजपा की झोली में डाल दीं तो सिर्फ इसलिए कि मोदी उनकी उम्मीदों पर खरा उतरे।

इस साल लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। मोदी सरकार की उपलब्धियों के साथ मोदी के नेतृत्व में भाजपा चुनाव मैदान में उतर गई है। इस बार लक्ष्य 400 पार का है लेकिन बड़ा सवाल है कि इतने भारी-भरकम लक्ष्य को भाजपा कैसे अर्जित कर पाएंगी? इसका जवाब राजनीतिक विश्लेषक मोदी की गारंटी के रूप में दे रहे हैं। माना जा रहा है कि मोदी की गारंटी के बूते पर भाजपा केन्द्र में तीसरी बार सरकार बनाएगी। भाजपा पिछले दस साल की उपलब्धियों और अपनी नीतियों-कार्यक्रमों के बूते पर चुनाव लड़ेगी। मोदी सांस्कृतिक भारत के पुनरुद्धार के लिए जो काम पिछले दस साल से कर रहे हैं।

# हे आदम! कहाँ हो?

**डॉ. सुरेश कुमार**

**अस्पताल** का नाम था सेवा मंदिर। सेवा का तो पता नहीं डॉक्टरों को मेवा बहुत मिलता था। अस्पताल के आरंभिक दिनों में डॉक्टर ऑटो में आते थे। अब खुद की चार-चार कोठियाँ और ऑडी-बेंज कार हैं। मरीजों का तो पता नहीं डॉक्टरों की बल्ले-बल्ले है। या यूँ कहिए कि अस्पताल केंचुए से अजगर बनने की कड़ी में जेट स्पीड से बढ़ता जा रहा था। यहाँ कर्मचारी काम कम खुशामदगिरी ज्यादा करते थे। खुशामदगिरी का परिणाम यह हुआ कि काम करने वाला कोल्हू का बैल बनकर उनके इशारे पर नाचता था।

मरीजों से पूछने पर पता चला कि अस्पताल ऊपर से कमल के फूल के समान सुंदर और भीतर से दलदल की तरह है। एक बार जो मरीज बनकर आता है उसका घर-बार बिकना तय है। यहाँ गरीबों की भी सेवा होती है, लेकिन सरकारी स्वास्थ्य कार्ड होना जरूरी है। कार्ड है तो वार्ड है। वरना यहाँ आना बेकार है। डॉक्टरों को इन कार्डधारकों को हैंडल करने के लिए खास तरीके की ट्रेनिंग दी गई है। कोई भी बाहरी बीमारी हो उसे बड़ा बताकर ऑपरेशन करने के लिए बाध्य करना इनकी चिकित्सकीय निपुणता का पहला और अंतिम निर्णय होता है। वैसे इस अस्पताल का नाम बीमा मंदिर होना चाहिए था।

कारण, यहाँ बीमाधारी मरीजों को विशेष खातिरदारी होती है। मरीज के अस्पताल में प्रवेश करते ही सबसे पहले पूछा जाने वाला सवाल होता है झ क्या आपके पास बीमा है? यही मरीज ने हाँ कह दिया तो समझो डॉक्टरों की टीम जोंक की तरह उस पर टूट पड़ेगी। सेलाइन चढ़ाने से पहले खून चूसने का अपना मनपसंद काम शुरू कर देंगे। बीमा धारकों के भर्ती होने का मतलब अपनी गाड़ी सर्विसिंग देने जैसा है। जिस तरह गाड़ी का पुर्जा-पुर्जा खोलकर देखा जाता है ठीक उसी तरह ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, स्टूल टेस्ट, ईसीजी, एक्सरे, अल्ट्रास्कैन, फलाना स्कैन, ढिमका स्कैन सब कुछ।

## न्यूज फ्लैश

### करनाल आने वाले समय में राष्ट्रीय खेल हॉकी का बनेगा हब : नवीन कुमार



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** करनाल आने वाले समय में राष्ट्रीय खेल हॉकी का हब बनेगा और वह दिन दूर नहीं जब करनाल में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हॉकी के मुकाबले आयोजित होंगे। करनाल में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हॉकी एस्ट्रोट्रफ ग्राउंड की शुरूआत हो चुकी है। वीरवार को इस ग्राउंड में शाहबाद (कुरूक्षेत्र) व हाबड़ी (कैथल) के बीच मैत्रीपूर्ण मैच खेला गया, जिसमें शाहबाद ने हाबड़ी को 4-1 के अंतर से हराया। इस शानदार मैच की शुरूआत के मौके पर करनाल नगर निगम के निवर्तमान डिप्टी मेयर नवीन कुमार ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए की। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाडियों से हाथ मिलाकर परिचय भी किया। मैच से पूर्व जिला उपायुक्त एवं स्मार्ट सिटी मिशन के सीईओ अनीश यादव ने भी हॉकी खिलाडियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।
डिप्टी मेयर ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षेत्रवासियों के लिए एक सौगात है, जिससे आने वाले समय में हरियाणा सरकार की खेल सुविधाओं का लाभ लेकर हॉकी खिलाडियों की संख्या में बड़ा इजाफा होगा और उम्मीद है कि अभिभावक भी अपने बच्चों को खेलों के प्रति प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नए वर्ष के मौके पर 24 जनवरी को स्टेडियम का लोकार्पण करके करनाल जिला की जनता को बहुत बड़ी सौगात दी थी। जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन ने कहा कि करनाल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हॉकी एस्ट्रोट्रफ ग्राउंड की शुरूआत खिलाडियों के लिए बड़ी सुविधा है। खिलाडिों को अभ्यास करने में आसानी होगी। हॉकी से संबंधित खिलाड़ी इस सुविधा का लाभ लेकर आने वाले समय में प्रदेश व देश का नाम रोशन करेंगे और इससे प्रेरित होकर अन्य बच्चे भी राष्ट्रीय खेल हॉकी के साथ जुड़ेंगे। इस मौके पर शाहबाद टीम के कोच गुरबाज, कैथल टीम के कोच सुरेंद्र प्रताप, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी गौरव चैधरी, राज, तरूण मुंजाल, लखबीर सिंह, भट्टी सिंह, कोच बृजभूषण, उपेन्द्र, राजेन्द्र, सुभाष, संजीव, खुशवंत, सुनील तथा सतीश सहित बड़ी संख्या में हॉकी व अन्य खेलों से जुड़े खिलाड़ी मौजूद रहे।

### सेवा समिति आश्रम में हुआ सूर्य नमस्कार योग प्रतियोगिता का फाइनल राउंड



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** आयुष विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल के मार्गदर्शन तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में हर घर परिवार सूर्यनमस्कार अभियान के अंतर्गत जिला में विभिन्न संस्थाओं में सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता करवाई जा रही हैं।
पतंजलि योग समिति के सोशल मीडिया प्रभारी सुरिंन्द्र नारंग ने बताया कि 1 से 20 फरवरी तक पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान ट्रस्ट महिला पतंजलि योग समिति युवा समिति तथा किसान समिति इन सभी संस्थाओ की 150 योग कक्षाओं में हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभ्यास तथा प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं, जिसमें अभी तक 7 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया है। आज इसी क्रम में दिव्य योग कक्षा, सेवा समिति आश्रम करनाल में सूर्य नमस्कार योग प्रतियोगिता का फाइनल राउंड हुआ। हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी तथा आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ.अमित पुंज तथा अंगिरा गुरुकुल मल्टी थेरेपी सेंटर की संचालिका डॉ दीपिका, योग सहायक कुसुम लता ने जज की भूमिका निभाई। सूर्य नमस्कार की प्रतियोगिता के महिला वर्ग में सरस्वती मलिक प्रथम, द्वितीय रजनी तथा तृतीय स्थान नीतू ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान सचिन मलिक, द्वितीय स्थान शमशेर सिंह नैन तथा तृतीय स्थान नरेश मोहाली ने प्राप्त किया।

# दरबार अनोखा, सरकार अनोखी, खाटू वाले की हर बात अनोखी......

## श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा भव्य श्री श्याम द्वादश संकीर्तन एवं विशाल भंडारा आयोजित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.),कुरुक्षेत्र द्वारा खाटू धाम मंदिर में बुधवार रात्रि भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि द्वादश के उपलक्ष्य में हुए इस संकीर्तन में समिति सदस्यों और मुख्य यजमान सुरेश सैनी बिशनगढ़ परिवार ने श्याम पूजन किया। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। श्याम दरबार की आभा देखते ही बन रही थी। पुष्प शृंगार और इत्र की खुशबू से वातावरण महक उठा। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में दो गायकों



क्रमशः कैथल से रेखा सुरभि और सोनीपत से नितिन नारंग ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें दरबार अनोखा, सरकार अनोखी खाटू वाले की हर बात अनोखी...., देर न करों न करों इंतजार श्याम जी के चरणों से कर ले तू प्यार...., शायद मेरे बाबा को ख्याल हमारा आया है इसलिए बाबा ने हमें कीर्तन में बुलाया है.....और जिसकी चौखट पे झुकता ये संसार है उस चौखट के हम सेवादार हैं ......इत्यादि भजन सराहे गए। देर रात्रि तक चले भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि मंदिर विस्तार हेतु करवाए जा रहे निर्माण कार्य में सभी तन- मन- धन से सहयोग करें। संकीर्तन में श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की। संकीर्तन के दौरान श्याम जी की गाथा में बताया गया कि यें हारे के सहारे हैं। इनके दरबार से आज तक कोई निराश नहीं आया। संकीर्तन के पश्चात आरती हुई और आरती के बाद श्याम जी का पुष्प शृंगार भक्तों को प्रदान किया गया,मान्यता है कि पुष्प शृंगार से सभी बाधाएँ दूर होती हैं। संकीर्तन के साथ-साथ विशाल भंडारा चलता रहा जिसमें श्याम भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा,उपाध्यक्ष अटल शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष चोपड़ा व राजेश मौदगिल, एल डी कंबोज, विनीत राजपाल, राजू छाबड़ा,अशोक शर्मा,राकेश चौहान,अशोक अरोड़ा, लवकेश शर्मा, विजय गुलाटी, डा.प्रवीण शर्मा,अनिरुद्ध,ललित अत्री,शेर सिंह शेरा,कृष्ण कुमार,हेमंत भारद्वाज,सुरेंद्र काठपाल,हिमांशु मल्होत्रा और नरेश सैनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

## युवक विवाहिता को लेकर भागा, मामला दर्ज



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
करनाल निवासी एक युवक विवाहिता को लेकर फरार हो गया। महिला के परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस को की है। इसके साथ ही महिला के परिजनों ने महिला के बारे में सुराग देने वाले को पचचीस हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की हैं। कुंजपुरा सैनिक स्कूल में चौकीदार का काम करने वाले देवेंद्र सिंह पुत्र हुकुम सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी अंजू रावत उम्र 34 साल गढ़वाल से हरिद्वार की बस में बैठी थी। उसने हरिद्वार से करनाल के लिए बस पकड़ी। उसके बाद वह करनाल नहीं पहुंची और उसका फोन बंद हो गया। उसने बताया कि उसी दिन करनाल से भी सोनू उर्फ सार्थक चड्ढा उम्र 37 साल भी गायब हो गया। उसने बताया कि उसको शक है कि सार्थक चड्ढा निवासी जरनेली कालोनी उसकी पत्नी को भगाकर कहीं ले गया है। शिकायत कर्ता ने बताया कि उसकी पत्नी के बारे में सुराग देने वाले को पच्चीस हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा।

### प्राची को मिला प्रमाण पत्र

**सोनीपतः** मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, जिसका अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए। राष्ट्वीय युवा महोत्सव में यह संदेश देकर लौटी जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्रा प्राची को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र से सुशोभित किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने प्राची को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्वीय स्तर पर प्रतिभागी बनना गौरवमयी उपलब्धि है। युवा महोत्सव की संयोजक प्राध्यापिकाओं में शामिल प्राध्यापिका प्रियंका ने बताया कि नासिक (महाराष्ट्व) में राष्ट्वीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें जीवीएम बीएससी मेडिकल अंतिम वर्ष की छात्रा प्राची ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया। प्राची ने पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मिलेट्स पर ज्ञानवर्द्धक प्रस्तुति दी।

## भारत का डंका पूरे विश्व में बजेगा: जगमोहन आनंद

### भाजपा सरकार के जनहित में किए कार्यो को घर घर तक पहुंचाने व पार्टी मे मिली जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए प्रेरित किया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
भाजपा कुरुक्षेत्र के नव नियुक्त जिला प्रभारी जगमोहन आनंद के प्रथम आगमन पर भाजपा लोकसभा कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों की एक बैठक जिलाध्यक्ष रवि बतान की अध्यक्षता मे हुई। जिसमें प्रदेश कार्यकारणी सदस्य, जिला पदाधिकारी, मोर्चो के अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं मंडल अध्यक्षो ने भाग लिया। बैठक का आरंभ भारत माता, डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प० दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पमाला अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। तदुपरांत भाजपा जिला अध्यक्ष रवि बतान ने कुरुक्षेत्र जिला प्रभारी का भाजपा



पदाधिकारियों की प्रथम बैठक मे पहुँचने पर बुके देकर जोरदार स्वागत किया व सभी पदाधिकारियों जिला प्रभारी से का परिचय करवाया। इस अवसर पर जिला प्रभारी ने पार्टी पदधिकारियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी व पार्टी की नीतियों व भाजपा सरकार के जनहित में किए कार्यो को घर घर तक पहुंचाने व पार्टी मे मिली जिम्मेदारी को इमानदारी के साथ पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इससे आपमें नेतृत्व करने का विकास होगा। उन्होंने कहा तीसरी बार भी सरकार बनाने के लिए हमें हरियाणा से लोकसभा की 10 की 10 सीटे जीतकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की झोली मे डालनी है। जिनके नेतृत्व मे राष्ट्र सशक्त, सम्पन्न और विकसित राष्ट्र की तरफ बढेगा जिससे भारत का डंका पूरे विश्व में बजेगा। तदोपरांत भाजपा जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारियों से पूर्व मे पार्टी के हुए कार्यकर्मो का फीडबैक लिया और पार्टी के आगामी किये जाने वाले कार्यो व जिम्मेदारी बारे अवगत करवाया। और इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष परमजीत कश्यप ने महिला मोर्चा के जिला पदाधिकारियों की सूची जारी की जिसमे जिला अध्यक्ष परमजीत कौर, जिला उपाध्यक्ष उमा सुधा, साक्षी खुराना, शशि गोयल व ममता रानी, महामंत्री ज्योती खंग्वाल व रीना सैनी, जिला सचिव सत्या रानी, सुनीता, शिवानी, लक्ष्मी अरोड़ा, विजयलक्ष्मी, आई टी प्रमुख रीना रानी चौहान, सह प्रमुख सुनीता यादव, कोषाध्यक्ष कविता शर्मा, मीडिया प्रभारी परविंदर कौर, सोशल मीडिया प्रमुख सुनीता रानी को बनाया गया।

### उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की कार्यवाही आज

**सोनीपतः** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि रोहतक जोन में आने वाले जिलों सोनीपत, करनाल, पानीपत, झज्जर तथा रोहतक के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को समाधान करने के लिए उपभोक्ता शिकायत मंच द्वारा 23 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक मुख्य अभियंता रोहतक के कार्यालय चौथी मंजिल राजीव गांधी विद्युत भवन रोहतक के कांफ्रेंस हॉल लोगों की शिकायतें सुनी जाएंगी।
उपायुक्त ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। इस दौरान उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से सम्बंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान बिजली चोरी, बिजली के दुरूपयोग और घातक गैर-घातक दुर्घटना आदि मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि उपभोक्ता और निगम के बीच किसी भी विवाद के निपटान के लिए फोरम में वित्तिय विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छह महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि, जो कम है, उपभोक्ता को जमा करवानी होगी।

## एसडीएम ने आम चुनाव को लेकर की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना (सोनीपत)**
**फरवरी।** आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर एसडीएम एवं बरोदा हलके के निर्वाचक अधिकारी विवेक आर्य ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी लोकसभा चुनाव को लेकर बरोदा हलके के गांवों में बनाए गए मतदान केन्द्रों का दौरा करें और एक रिपोर्ट तैयार करें कि जिस बिल्डिंग में मतदान केन्द्र बनाए गए हैं क्या वो ठीक है। अगर



कोई बिल्डिंग जरजर हालत में है तो उसकी रिपोर्ट तुरंत उनके सामने पेश करें ताकि उस मतदान केन्द्र को समय रहते अन्य बिल्डिंग में शिफ्ट किया जा सके। एसडीएम ने कहा कि चुनाव को लेकर जिस भी अधिकारी को जो भी जिम्मेदारी दी जाए उसे पूरी ईमानदारी से पूरा करें क्योंकि निष्पक्ष चुनाव करवाना हम सबकी जिम्मेदारी है।
उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर जिस भी अधिकारी की जो ड्यूटी लगानी है वो समय रहते लगाई जाए। बैठक में चुनाव से संबंधित सभी पहलूओं पर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई।

## छात्राओं को महिला अपराधों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
डीएसपी महिला सुरक्षा विजय कुमार के निर्देशन और महिला निरीक्षक राजेश लता के नेतृत्व में टीम द्वारा राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल समानाबाहु और नीलोखेड़ी में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया। महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। छात्राओं को गुड टच और बैड टच बारे भी सावधान किया। छात्राओं को यह भी ध्यान रखने को कहा कि स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा है। महिला निरीक्षक ने स्कूल की कुछ छात्राओं को विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी जिनको छात्राओं ने अपने घर वालो को भी नहीं बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया।

## स्वच्छता ही सेवा भाव के साथ निगम आयुक्त के नेतृत्व में शहर में चलाया गया विशेष सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने कहा कि देश को कचरा मुक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में शुरू की गई मुहिम स्वच्छता ही सेवा महाअभियान को जनआंदोलन का रूप देने के लिए गुरूवार को स्वच्छता ही सेवा भाव के साथ नगर निगम की विभिन्न टीमों द्वारा शहर में अलग-अलग स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान निगम कर्मचारियों ने गांव रेवली, जनता कालॉनी, चार मरला, नंदवानी नगर, प्रभु नगर, भरतपुरी, जाहरी बाईपास, इंडियन कालोनी तथा शास्त्री



कालोनी में सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान सफाई अभियान में शहरवासियों ने भी बढ़-चढकर. भाग लेते हुए संकल्प किया कि वे भविष्य में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे। निगमायुक्त ने कहा कि हमें स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा। स्वच्छता सिर्फ एक दिन तक सीमित न होकर नियमित रूप से जारी रहनी चाहिए, तभी हम इस अभियान को सिरे चढ़ाने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि अपने घर और आस-पास के क्षेत्र को साफ-सूथरा रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इसलिए इस अभियान में शहर के प्रत्येक नागरिक को भाग लेना चाहिए।

### हिसार : मायके आई विवाहिता के ससुरालियों ने की मारपीट

**हिसारः जिले के** हांसी उपमंडल के गांव बड़सी में लड़की के ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा मायका पक्ष के लोगों पर हमला कर, उन्हें घायल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सभी घायलों को उपचार के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मायका पक्ष के घायलों का आरोप है कि सुसराल पक्ष के लोग दहेज के लिए लड़की को परेशान करते थे और दो महीने से लड़की अपने मायके गांव बड़सी में ही रह रही थी। पुलिस को दी शिकायत में गांव बड़सी निवासी जगजीत ने बताया की उन्होंने अपनी बहन मनीषा की शादी डेढ़ साल पहले राजस्थान के गांव ढीहारला गांव निवासी मुंशीराम से की थी।

## हिंदू कॉलेज के पास दुकानदारों से मिलने पहुंचे मेयर

### मौके पर ही नगर निगम अधिकारियों को बुलाकर दुकानों के चारों तरफ स्ट्रीट लाइट लगाने के दिए आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
वीरवार को मेयर निखिल मदान शहर में हिंदू कॉलेज के पास नरेश बुक डिपो पर पहुंचे। जहां उन्होंने गत दिनों हुई चोरी की घटना की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने फ्लाईओवर के नीचे मौजूद अन्य दुकानदारों से भी मुलाकात की। नरेश बुक डिपो के मालिक राजकुमार जुनेजा ने ,बताया कि 3 दिन पहले रविवार रात को चोरों द्वारा उनकी दुकान का शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमे उन्हें दुकान के कुछ सामान और नकदी का नुकसान हुआ था।
दुकानदार राजकुमार ने बताया कि उन्हें रविवार रात को ही दुकान में चोरी होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद उन्होंने



दुकान पर आकर देखा तो शटर टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो चोर काफी संख्या में स्टेशनरी के सामान और नकदी पर हाथ साफ कर चुके थे। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।
मौके पर मौजूद सभी दुकानदारों ने मेयर के सामने क्षेत्र में चारों तरफ स्ट्रीट लाइट्स लगवाने की मांग रखी। जिस पर मेयर निखिल मदान ने मौके पर ही नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता बिजेंद्र कुमार और अनिल वालेचा को मौके पर बुलाया और तुरंत प्रभाव से सभी दुकानों के सामने पर्याप्त संख्या में स्ट्रीट लाइट्स लगाने के आदेश दिए। दुकानदार से जानकारी लेने के बाद मेयर निखिल मदान ने मौके ही सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को फोन कर जल्द से जल्द चोरों को गिरफ़्तार करने औ पूरे मंडी क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के आदेश दिए।

**दिशा-निर्देश**

> 8 शहर के सभी ब्लैक स्पॉट्स को दूर करने के लिए तेजी से चल रहा स्ट्रीट लाइट्स लगाने का कार्य: निखिल मदान

## मां भारती रक्तवाहिनी संस्था ने निर्विरोध चुनावी प्रक्रिया को किया पूरा

### सँस्था का विस्तार करते हुए सभी ब्लॉक, शहरी, ग्रामीण संगठन विस्तारक की हुई नियुक्ति

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**माँ** भारती रक्तवाहिनी सँस्था कार्यकारिणी का 3 वर्ष का कार्यकाल फरवरी 2024 में पूरा हो रहा था जिसके तहत चुनावी प्रक्रिया सँस्था द्वारा अमल में लाई गई । निर्वाचन अधिकारी विशाल वशिष्ठ के द्वारा चुनावी प्रक्रिया को सुचारू रूप से किया गया ।सारी प्रक्रिया सेक्टर 15 कम्युनिटी सेंटर में सेंटर के प्रधान महाबीर कादियान के सहयोग से हुई। समस्त कार्यकारिणी ने निर्विरोध वर्तमान कार्यकारिणी को ही अगले 3 वर्ष के लिए रहने की सहमति दी है। जिस पर निर्वाचन अधिकारी विशाल वशिष्ठ ने मंजूरी देते हुए सँस्था को बधाईया दी। साथ ही नीरज को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी भी दी गयी। सारी प्रक्रिया संरक्षक पूर्णमल गौड़ व



मार्गदर्शक कमेटी के समस्त सदस्यो के संज्ञान में लाया गया जिस पर सभी ने अपनी मंजूरी दी व जिसके अनुसार अध्यक्ष का दायित्व पहले की भांति विपिन कुमार, उपाध्यक्ष प्रदीप बंसल, महासचिव प्रेम गौतम, कोषाध्यक सोहन लाल , सहसचिव नीरज सम्भालेंगे सँस्था में आजीवन सदस्यो के तौर पर नए सदस्य* रणबीर जमदग्नि ,राकेश कुमार , मुकेश सैनी , ममता सरोहा , पूर्व होमगार्ड कमांडेंट हरिराम सरोहा , सुमेर सरोहा , अनिल जमदग्नि ने कार्यकारिणी की उपस्तिथि में सदस्यता ग्रहण की। तिरंगा सम्मान संकल्प टीम , सँस्था मैनेजर टीम व साइकिल टीम ने कार्यकारिणी व नए सदस्यों का फूलमालाओं से सँस्था में स्वागत किया । सँस्था का वितार करते हुए कुछ सदस्यो को दायित्व इस प्रकार से दिए गए । सोम प्रकाश ग्रामीण विस्तारक, शहरी विस्तारक मुकेश चौहान , महिला संगठन संयोजक एवं विस्तारक मोनिका ,खेल प्रकोष्ठ संयोजक मनीष नैन ,कार्यक्रम संयोजक इस्लाम अंसारी , व्यवस्था संयोजक अंकित त्यागी , संगठन एवं अनुशासन समिति संयोजक राकेश कुमार , राई प्रभारी विनय वशिष्ठ , गन्नौर प्रभारी जयदीप शर्मा एवं नरेश भारद्वाज ,खरखोदा प्रभारी पवन दहिया ,बहादुरगढ़ प्रभारी संदीप उर्फ राहुल भारद्वाज शामिल किए गए । जिसके बाद संरक्षक पूर्णमल गौड़ ने सभी पदाधिकारियो को शपथ दिलाई। आगे भी समाज मे रक्तदान , साइकिल व राष्ट्रीय ध्वज के लिए कार्य होता रहेगा। सँस्था ने अब तक 156 रक्तदान शिविरों के माध्यम से 20 हजार से भी अधिकः रक्तदान करवाया है व लगभग 150 छोटी बड़ी साइकिल यात्राएं कर चुके है। लगभग 7500 खंडित राष्ट्रीय ध्वजों को सभाला है। जिसके लिए कई रिकॉर्ड सँस्था के नाम दर्ज हो चुके है।

**जिम्मेवारी**

> 8 सँस्था ने अब तक 156 रक्तदान शिविरों के माध्यम से 20 हजार से भी अधिक: रक्तदान करवाया है

## पाइट की श्रुति जागलान ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में जीता स्वर्ण पदक

**समालखा (कुलदीप सिंह )**
खेल में भी पाइट के छात्र-छात्राएं स्वर्ण पदक जीत रहे हैं। पााइट की छात्रा श्रुति जागलान ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में गोल्ड मेडल जीता है। खेलो इंडिया गेम्स में अपनी जगह बनाई है। बीए ऑनर्स की पायल ने इंटर कॉलेज फेंसिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए अपना स्थान पक्का किया। बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा लावन्या ने देहरादून में हुई नॉर्थ जोन खेलो इंडिया वुशू प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। इंटर कॉलेज वुशु प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त



किया। पाइट की क्रिकेट टीम ने पानीपत जोन में पहला स्थान हासिल किया। पाइट के सचिव सुरेश तायल व वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि कॉलेज के छात्र शिक्षा के साथ खेल में भी अव्वल हैं। खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाता है, उनकी हर संभव सहायता की जाती है। हमारे खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं। पाइट के निदेशक डॉ.जेएस सैनी व खेल अधिकारी डॉ.बजरंग राणा ने विजेताओं का सम्मान किया।

# घर-घर कॉंग्रेस, हर घर कॉंग्रेस अभियान को मिली धार

**अभियान**

8 भदाना, ककरोई व खेड़ी दहिया में घर घर पहुँचे कॉंग्रेसी कार्यकर्ता, निरथान व बिधलान में चलेगा अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा**
कॉंग्रेस पार्टी के घर-घर कॉंग्रेस, हर घर कॉंग्रेस अभियान के कॉर्डिनेटर पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया और पीसीसी डेलीगेट जोगिंदर सिंह दहिया नेतृत्व में खरखौदा हलके के गाँ भदाना, ककरोई और खेड़ी दहिया में कॉंग्रेस कार्यकताओं ने घर-घर जाकर कॉंग्रेस पार्टी के संकल्प पत्र और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की नीतियों का प्रचार प्रसार किया। इस दौरान गाँवों की गलियों में बूढ़ा- बुढ़िया 12 हजार के नारे लगे और बुजुर्गों को 6 हजार बुढ़ापा पेंशन देने की नीति के बारे में बताया। जिस पर बुजुर्गों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस घर मे 2 बुजुर्ग हैं उस घर की तो तनख्वाह का जुगाड़ हो जाएगा। जिससे बुजुर्गों का मान सम्मान भी बढ़ेगा। कॉंग्रेस कार्यकताओं ने गाँव की गलियों में घर घर जाकर कॉंग्रेस पार्टी के संकल्प पत्र वितरित किए और संकल्प पत्र की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। गैस सिलेंडर 500 रुपये होने की नीति से गृहणी महिलाओं में खुशी की लहर दिखाई दी।

इसके साथ युवाओं से बातचीत करने पर कॉंग्रेस कार्यकताओं ने प्रदेश में 2 लाख खाली पड़े सरकारी पदों पर युवाओं को रोजगार देने की बात पर युवाओं में बेरोजगारी से छुटकारा पाने की उम्मीद जगी और युवाओं ने बढ़ चढ़कर कॉंग्रेस पार्टी को समर्थन देने की बात कही और गरीब परिवारों को 100 गज मुफ्त प्लॉट दिए जाने की नीति के बारे में बताया। किसानों को एमएससी व फसलों के सर्वाधिक भाव की गारंटी के बारे में विस्तार से बताया एवं जनविरोधी पोर्टलों को बंद करने, हर गरीब को पीला राशन कार्ड देने, पुरानी पेंशन योजना को लागू करने,बीसी क्रीमीलेयर आय सीमा 6 लाख से बढाकर 10 लाख करने, विश्वस्तरीय शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा? मुफ्त करने और खिलाड़ियों को पदक लाओ पद पाओ की नीति के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान कॉंग्रेस संकल्प पत्र में हर वर्ग की बात होने पर सभी वर्गों में जोश दिखाई दिया।

***ये सभी रहे मौजूद***

इस दौरान पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, पीसीसी डेलीगेट जोगिंदर दहिया,विधायक जयवीर वाल्मीकि के पुत्र दीपक वाल्मीकि,युवा कॉंग्रेस महासचिव अभय दहिया,बिजेंद्र उर्फ ढिल्लू प्रधान,युवा कॉंग्रेस प्रधान अंकित दहिया, स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय हरि सिंह के पुत्र सुरेंद्र दहिया, पूर्व सरपंच कुलदीप दहिया,शमशेर सिलाना, रमेश चेयरमैन सिलाना,नरेश पिपली, बिजेंद्र उर्फ गोखी, महिला कॉंग्रेस जिला प्रधान नीलम बाल्याण,पूनम दहिया, कमला मलिक,रितु शर्मा राजेश देवी, पंकज कुमारी, जोगिंद्र खांडा, जय कुमार खांडा, उधम खांडा, टिल्लू पूर्व सरपंच ककरोई, , राजेन्द्र राणा, सज्जन चौलका,सुरेश पूर्व सरपंच रोहट,नरेंद्र सिसाना,बेद चौलका,मास्टर बलराज, सुरेश खरखौदा, कृष्ण खांडा,राम सिंह सरपंच झिंझोली,धर्मबीर खांडा, सुभाष खांडा, कैप्टन धर्मबीर गहलावत,रमेश, पंडित बलवान,वरिष्ठ कॉंग्रेस कार्यकर्ता नरेंद्र भदाना,महेंद्र पूर्व सरपंच भदाना, मुकेश वाल्मीकि भदाना,धर्मबीर भदाना,हंसराज भदाना,कुलदीप भदाना, दिलबाग भदाना,बलजीत भदाना, बलजीत भदाना, नरेन्द्र भदाना, धर्मबीर नैन भदाना, विनोद भदाना, संदीप ककरोई, सतपाल ककरोई, चाँद ककरोई, राजपाल ककरोई, सुरेश ककरोई, जयपाल ककरोई, राजपाल ककरोई, नफे ककरोई, शीलू ककरोई,कृष्ण ककरोई,रणबीर ककरोई,पूर्ण ककरोई, पप्पे ककरोई, ओमप्रकाश वाल्मीकि ककरोई,बीरे ककरोई,बल्लू ककरोई, सतीश ककरोई, सुनील ककरोई,रमेश ककरोई, बेद ककरोई, कर्ण सिंह सरपंच खेड़ी दहिया, धीर सिंह वाल्मीकि,विकास खेड़ी दहिया, और रणबीर खेड़ी दहिया सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेयर शक्तिरानी शर्मा ने सैंकड़ों बच्चों को वितरित किए जूते

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
सामाजिक कार्यों में शर्मा परिवार हमेशा आगे रहा है। जहां एक तरफ सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 11वीं व 12वीं के बच्चों को साइकिलें वितरित की जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने सरकारी प्राइमरी स्कूलों में बच्चों को जूते वितरण का कार्य शुरू किया हुआ है। इसी कड़ी के तहत अंबाला शहर नसीरपुर, सिंघावाला, रतनगढ़, सेक्टर-8 व 9 के प्राइमरी स्कूलों में बच्चों को जूते वितरित किए गए। हालात यह थे कि कई बच्चे स्कूल में बिना चप्पल के थे और जूते मिलने के बाद उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस दौरान पांचों स्कूलों में सैंकड़ों बच्चों को जूते वितरित किए



गए।अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा के जन्म दिन के उपलक्ष्य में उन्होंने फैसला लिया था कि कोई सामाजिक दायित्व निभाया जाए। जिसके बाद उन्होंने अंबाला शहर के सभी प्राइमरी स्कूलों में शूज वितरित करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में जाकर बच्चों से मुलाकात करने के बाद उन्हें खुशी मिलती है। उन्होंने कहा कि वह तो केवल अपना दायित्व निभा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ सिंघावाला स्कूल में स्कूल स्टाफ ने कमरे बनाने के लिए बजट और स्कूल में बने धार्मिक स्थल के लिए अलग रास्ता बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर पार्षद सरदुल सिंह, पार्षद राकेश सिंगला, पार्षद राणोदेवी, पार्षद राजेंद्र कौर, मिनाक्षी राणा, विशाल राणा, नीना रानी,

**समाजसेवा**

8 कमरे बनाने के लिए बजट और स्कूल में बने धार्मिक स्थल के लिए अलग रास्ता बनाने का आग्रह किया

बलदेव राज आनंद, रविंद्र सौड़ा, वरदान शर्मा, रजत शर्मा, मंथन शर्मा, राजन पाहवा, अंकित कुमार, प्रिंस शर्मा, डिम्पल मलिक, राजू कौला, विनित भाई, कमलदीप, विनय बक्शी, पंकज भारद्वाज, हर्षित शर्मा, रमन शर्मा, कुलदीप सिंह डंगडेहरी, जसबीर जस्सी, कमल सिंगला, राजकुमार गुप्ता, तजेपाल मंगा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# कांग्रेस का ढांचा खोखला हो चुका है: अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस का ढांचा इतना खोखला हो चुका है कि कभी भी इसका कोई भी कोना गिर सकता है, आजकल रोज खबर आती है कि कांग्रेस का कोई स्तम्भ गिर गया है। विज पत्रकारों द्वारा कांग्रेस नेता कमलनाथ को लेकर पूछे सवालों का जवाब दे रहे थे। मेरा यही कहना है कि है रोज खबर आती है कि कांग्रेस का कोई स्तम्भ गिर गया। कमलनाथ के बारे में मैंने कहा था कि यह गिरे या न गिरे लेकिन कांगेस का ढांचा इतना खोखला हो चुका है कि कभी भी इसका कोई भी कोना गिर कर धराशाई हो सकता है। वहीं, राहुल गांधी द्वारा बेरोजगारी को लेकर सरकार के खिलाफ दिए बयान पर गृह मंत्री अनिल विज ने पालटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी आजकल यात्राओं पर निकले हुए है, महात्मा



गांधी ने भी बहुत यात्राएं की थी और लगता है इनके सिर पर महात्मा गांधी जी का हाथ हो गया है। महात्मा गांधी जी ने एक बात कही थी कि आजादी होने के बाद कांग्रेस को खत्म कर दो, इसलिए राहुल गांधी उनकी बात को पूरा करने में लगे हुए है कि किसी तरह से कांग्रेस खत्म हो जाए। श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर न्यौतों पर दिए गए राहुल गांधी के बयान पर मंत्री अनिल विज ने कहा कि ये मंदिर ट्रस्ट की योजना थी, उसी के हिसाब से बुलाया उसका सरकार से कोई लेने देना नहीं।

# बाल खेल मेलों के आयोजन से अभिभावकों का विद्यालय से जुड़ाव होता है: अमरजीत

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**गोविंद माजरा के प्राथमिक विद्यालय में बाल मेले का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया, जिसमें बाल वाटिका के बच्चों के अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों और ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए विधालय की बालवाटिका के प्रभारी अमरजीत पांचाल ने बताया की शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार बालवाटिका के बच्चों के लिए बाल खेल मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता ने भी भाग लिया। उन्होंने बताया कि गोविंद माजरा के प्राथमिक विद्यालय में आज बच्चों के अभिभावकों ने भारी संख्या में भाग लेकर विभिन्न खेलों के साथ-साथ शिक्षण प्रक्रियाओं को देखा और बच्चों का उत्साह वर्धन किया।इस अवसर पर



बच्चों के खेलों के साथ-साथ माता-पिता ने भी खेलों में भाग लिया, जिनमें मुख्य रूप से चम्मच नींबू दौड़, बाधा दौड़ व अन्य रुचिपूर्ण खेल खेले गए। विद्यालय के अध्यापक राजकुमार और शीला देवी द्वारा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां और सह सामग्री के उपयोग पर प्रकाश डाला और बच्चों में करके सीखने की प्रवृत्ति का विकास करने पर जोर दिया। विद्यालय के मुख्य शिक्षक बलजीत सिंह ने सभी अभिभावकों का विद्यालय परिसर में स्वागत किया और इस खेल मेले को बड़ी उत्साह से मनाने पर उनका धन्यवाद किया। उन्होंने निपुण भारत निपुण हरियाणा के तहत विद्यालय में चल रही गतिविधियों पर प्रकाश डाला। राजकीय माध्यमिक विद्यालय के मुख्य अध्यापक रामकरण ने अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए उन्हें आगामी सत्र में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को विद्यालय में प्रवेश करवाने के लिए प्रोत्साहित किया और एसएमसी सदस्यों को इसके लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा जूस पिलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक राजेश कुमार, बलदेव सिंह ,एसएमसी प्रधान शोभा देवी, कविता और अन्य सदस्य एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर बीते 3 वर्ष से बना रहा है शारीरिक संबंध, केस दर्ज

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदाः** क्षेत्रवासी एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाने और अब धमकियां देने का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म व धमकी देने की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। क्षेत्रवासी एक युवती का आरोप है कि पानीपत जिले के एक गाँव का रहने वाला युवक निखिल बीते 3 वर्ष से उसे शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता आ रहा है। वह जब भी उसे शादी करने की बात कहती तो निखिल उसे कहता कि अभी उसके बड़े भाई की शादी हो जाने दो, उसके घर वाले बड़े भाई की शादी होने से पहले उसकी शादी नहीं करेंगे। युवती का आरोप है कि आरोपित ने उसे खरखौदा में बुलाकर शारीरिक संबंध बनाए और अपने मौसी के घर पर भी लेकर गया। वहीं अब जब वह निखिल को शादी करने की बात कह रही है तो वह उसे धमकी दे रहा है कि वह उसे जान से मार देगा।

# सरीना ने चैंपियनशिप में जीता लड़कियों का एकल खिताब

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ज्ञान गंगा ग्लोबल** स्कूल (जी-3) की प्रतिभाशाली लान टेनिस खिलाड़ी सरीना गहलोत ने मुंबई में आयोजित 18 वीं रमेश देसाई नेशनल अंडर-12 टेनिस चैंपियनशिप में लड़कियों का एकल खिताब जीतकर सोनीपत जिला व हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। सरीना ने फाइनल मुकाबले में खुशी कादियान को 7 -6, 6-1 से हराया, जबकि सेमीफाइनल में कर्नाटक की सृष्टि किरण को 4-6, 6-2 व 6-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। युगल मुकाबले में भी सरीना ने फाइनल तक का सफर तय किया। मुंबई से लौटने पर सरीना का स्कूल में जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने सरीना को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन के सौजन्य से 10 से 17 फरवरी तक मुंबई में आयोजित नेशनल अंडर-12 टेनिस चैंपियनशिप में सरीना ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। अपने दमदार प्रदर्शन की बदौलत जहां उसने लड़कियों की अंडर-12 आयु वर्ग के एकल खिताब जीतने में सफलता पाई, वहीं युगल



मुकाबले में भी सरीना ने फाइनल तक का सफर तय किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन ने

**भव्य स्वागत**

8 मुंबई से लौटने पर ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में सरीना का किया गया जोरदार स्वागत
थे

कहा कि सरीना अपने आयु वर्ग में वह देश के टॉप टेनिस खिलाड़ियों में शुमार है। उन्होंने भरोसा जताया कि आगे भी सरीना अपनी कामयाबी का सिलसिला जारी रखेगी । सीईओ संजय जैन ने कहा कि छठी कक्षा की छात्रा सरीना ने अपनी मेहनत की बदौलत एक मुकाम हासिल किया है। उन्होंने भरोसा जताया कि सरीना आगे चलकर देश का नाम राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगी। उन्होंने इस सफलता के लिए सरीना के कोच व अभिभावकों को भी बधाई दी। सरीना के पिता कृष्ण गहलोत ने भी अपनी लाडली की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। विदित रहे कि सरीना ने पिछले महीने हैदराबाद में आयोजित आल इंडिया नेशनल सीरीज टेनिस टूनार्मेंट में लड़कियों की अंडर-12 आयु वर्ग में एकल व युगल खिताब जीतकर नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था।

# सीएम कप प्रतियोगिता के लिए इच्छुक टीमें 25 तक करें रजिस्ट्रेशन

**सोनीपतः** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि जिला खेल विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कप योजना के अंतर्गत खिलाड़ियों के हुन्नर को तराशने के लिए 28 फरवरी से 05 मार्च तक ब्लॉक व जिला स्तर पर आयोजित होने वाली 6 खेलों कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, फुटबॉल व बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शेड्यूल जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला की इच्छुक टीमें इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अपना 25 फरवरी तक अपना पंजीकरण / पर करवा सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों व खेल संस्थाओं से आह्वान किया कि वे खेल प्रतियोगिताओं में बढ़ चढकर भाग लें। प्रतियोगिता में 14 से 23 साल तक के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। भाग लेने वाले खिलाडि?ों की जन्मतिथि की कट आफ डेट एक जनवरी, 2001 होगी और प्रतियोगिताएं महिला व पुरुष वर्गों में होगी। शेड्यूल की जानकारी देते हुए बताया कि सोनीपत व राई ब्लॉक के लिए खो-खो, वॉलीबॉल, हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 28 फरवरी को सुभाष स्टेडियम सोनीपत में किया जाएगा। इसी प्रकार 28 फरवरी को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन अनूप स्पोर्टस विलेज सोनीपत, बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन सीआरजेड सीनियर सैकेण्डरी स्कूल सोनीपत में तथा फुटबाल प्रतियोगिता आयोजन हिन्दू विद्यापीठ स्कूल सोनीपत में किया जाएगा।

# आज से योगाश्रम मिर्जापुर में होगा योग महाकुंभ

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत), मुख्यालय रोहिणी, दिल्ली के तत्वावधान में हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ प्रांत के योग प्रेमियों के लिए दो दिवसीय प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर संस्थान के नवनिर्मित योगाश्रम, मिर्जापुर (कुरुक्षेत्र) में 24 व 25 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है । इस शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शुक्रवार, 23 फरवरी सायं 7:00 बजे तक योगाश्रम में पहुँचने के निर्देश दिए गए हैं । शिविर में संस्थान के हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ तीनों प्रांतों के केंद्र प्रमुख, शिक्षक व अन्य अधिकारी भाग लेंगे । शिविर के प्रतिभागियों की संख्या लगभग 400 रहने की आशा है ।



सभी प्रतिभागियों के रहने, ठहरने व खाने-पीने की व्यवस्था संस्थान द्वारा कर दी गई है । योगाभ्यास प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रतिभागियों को अष्टांग योग की विभिन्न विधाओं, क्रियाओं, मानव शरीर के विभिन्न अंगों की रचना व कार्यों, विभिन्न रोगों से बचाव व उनके निवारण के लिए प्रयोग होने वाली यौगिक तकनीकों, स्वस्थ दिनचर्या, खान पान संबंधी हिदायतों के साथ-साथ संस्थान के उद्देश्य जन जन तक योग के प्रचार प्रसार द्वारा जीओ और जीवन दो, सर्वे भवंतु सुखिनः, वसुधैव कुटुंबकम् के ध्येय वाक्यों को सार्थक करने के लिए प्रेरित व प्रशिक्षित किया जाएगा । योग रत्न की उपाधि से विभूषित संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान देसराज, महामंत्री ललित गुप्ता, हरियाणा प्रांत प्रधान ओमप्रकाश, मंत्री मानसिंह सहित केंद्रीय कार्यकारिणी के कुछ सदस्य, विभिन्न प्रांतो के प्रांतीय व जिला कार्यकारिणी सदस्य विभिन्न सत्रों में शिविर के प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करेंगे ।संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रैस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि संस्थान अपने विभिन्न स्तरों के अधिकारियों के लिए समय-समय पर योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित करता रहता है । संस्थान की केंद्रीय कार्यकारिणी के सुयोग्य मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशन में हरियाणा प्रांत इकाई द्वारा शिविर के लिए सभी प्रबंध समुचित रूप से कर लिए गए हैं । कुरुक्षेत्र के सभी स्थानीय छह योग जिलों के साधक व अधिकारी अपने अतिथियों के स्वागत के लिए पलकें बिछाए तैयार बैठे हैं । शनिवार, 24 फरवरी को प्रातः शिविर का उद्घाटन एवं रविवार 25 फरवरी को दोपहर बाद समापन समारोह आयोजित होगा।

# बलविंद्र आर्य हुए भाजपा युवा मोर्चा के दोबारा जिला अध्यक्ष नियुक्त

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**भाजपा** युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बलविंदर आर्य पर विश्वास जता कर संगठन व शीर्ष नेतृत्व ने दोबारा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। पुनः पानीपत जिले का युवा अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बलविंदर आर्य ने संगठन के सभी शीर्ष नेताओं, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी राहुल राणा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा योगी, सांसद संजय भाटिया, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट सहित जिले के सभी नेताओं का आभार प्रकट किया है। बलविंदर आर्य ने कहा कि संगठन ने मुझ जैसे साधारण



कार्यकर्ता पर दोबारा विश्वास जता कर जिला युवा अध्यक्ष का दायित्व दिया है। इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, लगन और मेहनत के साथ पूरा करेंगे। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के साथ भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा की सभी युवाओं को साथ लेकर संगठन हित में कार्य करना ही मेरी प्राथमिकता है और युवाओं को भाजपा सरकार में पूरा मान सम्मान मिलता है। दोबारा जिला युवा अध्यक्ष नियुक्त होने पर कहा कि पानीपत जिले कि जल्द ही ज्यादा से ज्यादा युवाओं की टीम बनाकर संगठन को ओर अधिक मजबूत करने का कार्य करेंगे।

# हमें सत्संग आदि में भाग लेकर भगवान का लेना चाहिए नाम : संदीप गर्ग

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/ लाडवा(दलबीर मलिक)** गांव शहजादपुर में अम्बेडकर भवन में श्री गुरु रविदास सभा द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के 647वें प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने शिरकत की। सभा सदस्यों द्वारा संदीप गर्ग का ढोल नगाड़ों व फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। सभा प्रधान गुलशन, गोपी चंद, विकास, बँटी, टोनी आदि ने समाजसेवी संदीप गर्ग के बारे में कहा कि ऐसा नेता लाडवा हल्के को मिलना बहुत ही मुश्किल है, जो की निस्वार्थ भाव से लाडवा हल्के की जनता की पिछले कई वर्षों से



सेवा करने में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि गांव में हर वर्ष धूमधाम से प्रकट दिवस मनाया जाता है। वही समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि संत महात्माओं के चरणों में ही स्वर्ग होता है, उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए ताकि हम सही राह पर चल सके। उन्होंने कहा कि जो मंदिरों में सत्संग आदि के आयोजन होते हैं उनमें भी हम सभी को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए ताकि भगवान का नाम वहाँ पर भी ले सकें और कुछ पा सके। मौके पर कलिराम, रामप्रसाद, जय सिंह, कर्म सिंह, महेंद्र सिंह, रामकुमार, गोपाल आदि उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री दुष्यंत और जेजेपी विधायक गौतम के बीच हुई नोक-झोंक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को कांग्रेस द्वारा प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाजपा के साथ गठबंधन में सत्तारूढ़ जेजेपी की अंदरूनी लड़ाई सामने आ गई। चर्चा में भाग लेते हुए नरनोद से जेजेपी विधायक रामकुमार गोतम ने पार्टी नेतृत्व के प्रति असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें बार बार टिकट देने की बात कही जाती है। जबकि 35 हजार वोट तो उनके निजी थे।

इस पर सदन में मोजूद उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अगर ऐसा है तो इस्तीफा दे दो। राम कुमार गोतम ने भी पलट कर कहा कि इस्तीफा तू दे।



जेजेपी विधायक रामकुमार गौतम ने कहा दुष्यंत चौटाला हुड्डा को बोल रहे थे कि तकलीफ है। तकलीफ मुझे है। गौतम ने कहा मुझे टिकट दी मगर 35 हजार वोट मेरे भी थे मेरे पास 2 टिकट थी । दुष्यंत चौटाला ने कहा रामकुमार गौतम लगातार 4 साल से बोल रहे है। दुष्यंत ने इस पर कहा कि अगर इनके पर्सनल वोट है तो इस्तीफा देकर जाएं। जवाब में रामकुमार गौतम ने कहा तुम दे दो इस्तीफा।

**गौरव**

8 अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाजपा के साथ गठबंधन में सत्तारूढ़ जेजेपी की अंदरूनी लड़ाई सामने आ गई, खनन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कहा मुझे जो जिम्मेवारी मंत्रालयों की दी है पूरी ईमानदारी से निभा रहा हूँ

चर्चा के दौरान कांग्रेस के विधायक बिशन लाल सैनी ने अवैध खनन का मामला उठाया। शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा मेरे व मेरे परिवार के पास जो जमीन है कहीं से एक इंच भी जमीन खुदी हुई दिखा दें। शिक्षा मंत्री ने कहा मैं खुला चैलेंज कर रहा हूँ ।
खनन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कहा मुझे जो जिम्मेवारी मंत्रालयों की दी है पूरी ईमानदारी से निभा रहा हूँ । कांग्रेस सदस्य रघुबीर कादियान ने कहा दाढ़ी में तिनका नही यहां दाढ़ी में बांस है।

आखिर में स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने यह कहते हुए नोक झोंक समाप्त कराई कि सदस्य एक दूसरे को संबोधित करने के बजाय मुझे संबोधित करे।

# 'जिले में 2 लाख बच्चों को पोलियो ड्रोप्स की खुराक दी जायेगी'

## जिले के नागरिकों से अपील की कि वे 0 से 5 वर्ष के बच्चो को नजदीकी पोलियो बूथ पर जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाये

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आगामी** 3 से 5 मार्च को राष्ट्रव्यापी प्लस पोलियो अभियान को सफल बनाने को लेकर गुरूवार को जिला सचिवालय के प्रथम तल स्थित सभागार में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए व जिले के नागरिकों से अपील की कि वे 0 से 5 वर्ष के बच्चो को नजदीकी पोलियो बूथ पर जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाये व इस जनहित के कार्य को सफल बनाये।

उपायुक्त ने बताया कि प्लस पोलियो अभियान के तहत जिले में 2 लाख पांच हजार 237 बच्चों को पोलियो ड्रोप्स की खुराक दी जायेगी। इस अभियान के तहत 692 बुथों पर



बच्चों को पोलियो ड्रोप्स पिलाने का कार्य होगा। जिले में 67 मोबाईल टीमें भी अपना योगदान देंगी। इस कार्य में 1223 के करीब सुपरवाईजर भी अपनी भूमिका निभायेंगे।

उपायुक्त ने कहा कि बस स्टैंड पर आडियो व वीडियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा। संबंधितम विभाग इसमें सहयोग करेंगे। कचरा लेकर जाने वाली गाडिों के माध्यम से भी लोगों को अभियान के प्रति जागरूक किया जायेगा। बस स्टैंड पर अनाउंसर इस कार्य को गंभीरता से लेकर लोगों को अभियान के प्रति जागरूक करेंगे। उपायुक्त ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि 3, 4 व 5 मार्च को जिले में प्लस पोलियो अभियान चलाया जाएगा। जिसमें जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रोप्स पिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम का मुख्य केन्द्र बिन्दू ईंट भट्द्ठे व सलम एरिया रहेंगे। इन पर ज्यादा जोर देने की आवश्यकता है। बस स्टैण्ड सिवाह व पुराने बस स्टैण्ड पर भी स्वास्थ्य विभाग, आगनबाड़ी

**जागरूक**

**8 कचरा लेकर जाने वाली गाडिों के माध्यम से भी लोगों को अभियान के प्रति जागरूक किया जायेगा**

विभाग, आशावर्कर पोलियो ड्रोप्स पिलाने ड्रप्स पिलाने का कार्य करेंगी। उपायुक्त ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतें इस कार्यक्रम की शुरूआत करेंगी। इस कार्य में आईटीआई के विद्यार्थियों व एनजीओ के सदस्यों का भी सहयोग लिया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी गांवों में मुनादी करवाई जाएगी। कार्यक्रम में ग्राम सचिव, नम्बरदार, चौकीदार व पटवारीयों की भी मदद ली जायेगी।

उपायुक्त ने बताया कि जिले के सभी धार्मिक स्थलों में भी कार्यक्रम के तहत बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इसको गम्भीरता से लें व स्लम एरिया में बच्चों को चिन्हित करके पोलियो ड्रोप्स पिलाएं। उपायुक्त ने जिला खाद्द्य एवं पूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में ईंट के भट्ठों पर बच्चों की स्थिति का भी डाटा तैयार करें। इस मौके पर एडीसी पंकज यादव, एसडीएम मनदीप सिंह, सीटीएम टिनू पोशवाल, सीएमओ जयंत आहूजा, डिप्टी सीएमओ शशि, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया, तहसीलदार अजय सैनी, अनिल सैनी, अनिल शर्मा, बिरेन्द्र सिंह के अलावा परिवहन विभाग, बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन आमंत्रितः उपायुक्त

**पानीपत/कमाल हुसैन**

भारत सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2024 की घोषणा की है। राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार शोधकताओं, प्रौद्योगिकीविदो और नवप्रवर्तकों के उत्कृष्ट और प्रेरक वैज्ञानिक, तकनीकी और नवाचार योगदान को मान्यता प्रदान करता है। डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों या टीम से राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (आरवीपी) के लिए नामांकन, आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदन की अंतिम तिथि 28

**आवेदन**

**8 प्रौद्योगिकीविदो और नवप्रवर्तकों के उत्कृष्ट और प्रेरक वैज्ञानिक, तकनीकी और नवाचार योगदान को मान्यता प्रदान करता है**

फरवरी है। डीसी ने बताया कि यह पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे, जिसमें विज्ञान रत्न (वीआर) विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जीवन काल की उपलब्धियों और योगदान को मान्यता देने के लिए अधिकतम तीन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# विद्यार्थी ही है उज्ज्वल भविष्य की नींव: रूबल शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला नरकातारी में बालवाटिका-3 कार्यक्रम के तहत खेल मेले का आयोजन किया गया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम नरकातारी का स्वर्गलोक में मुख्य अतिथि भाजपा युवा जिला मोर्चा अध्यक्ष रुबल शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी नन्दन जी, खण्ड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक पहुँचे। इस खेले मेले का उद्देश्य खेल के माध्यम से समुदाय को जागरूक करना व उन्हें शिक्षा के विभिन्न आयामों से जोड़ना



था। इस मौके पर लेंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन की टीम से ओमपाल, जितेश, शुभांशु, पूजा और हिना विशेष रूप से पहुँचे। जिला प्राथमिक शिक्षा मुखिया विनोद कौशिक ने स्कूल के प्रयासों को सराहा और कहा कि जिले भर में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाएगा। रुबल शर्मा ने विद्यार्थियों को सद्कर्मों और सार्थक कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आप विद्यार्थी ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है। स्कूल इंचार्ज आशा रानी ने सभी सदस्यों का स्वागत व धन्यवाद किया। स्कूल अध्यापिका डॉ मोनिका भारद्वाज ने कहा कि ऐसे नवाचारों के माध्यम से विद्यार्थियों में सीखने की ललक बढ़ेगी। स्कूल में बच्चों द्वारा बनी धरोहर स्टॉल, स्थानीय भोजन की स्टाल, बालवाटिका का पठन-कला-खेल कोना, सब्जीमंडी, आर्ट एंड क्राफ्ट समेत कई स्टाल की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें अभिवावकों व गांव वालों की विशेष दिलचस्पी रही। एल एल एफ के सहयोग से जिले में ऐसे सों स्कूलों में बालवाटिका मेले का आयोजन किया गया है जिसका वृहद स्तर पर निरूपण नरकातारी स्कूल द्वारा किया गया इस मौके पर स्टॉफ से अनुपम , पुष्प रानी, गाँव सरपंच केहर सिंह, रायसिंह, सुरेंदर, ममता, रीना, रमेश, दिलेर शर्मा समेत कई मौजिज लोग व विद्यार्थियों के अभिवावक मौजूद रहे।

# उपायुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

आगामी आम लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष व शांतिपूर्वक करने की तैयारियों के संदर्भ में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को वे गंभीरता से लें व जो जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं उनका ठीक प्रकार से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि हमें पिछले



लोकसभा आम चुनाव 2019 के दौरान कम मतदान के कारण पर मंथन करना है व मतदान के प्रतिशत को कैसे बढाया जाए इसके प्रयास करने होंगे। कम मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जो स्वीप गतिविधियों की योजना बनाई गई है उन पर गंभीरतापूर्वक कार्य करने की जरूरत है। उपुक्त ने स्वीप-व्यवस्थित मतदाता, शिक्षा चुनावी भागीदारी को खंड स्तर की कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिये।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने मॉडल मतदान केंद्रों का विवरण भी जुटाने के अलावा 20 प्रतिशत मतदान स्थलों का भौतिक सत्यापन भी करना सुनिश्चित करने के भी आदेश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि संवेदनशील,गंभीर मतदान केन्द्रों का विवरण भी जुटाने के अलावा रैलियों और होर्डिंग्स के लिए स्थानों की पहचान भी सुनिश्चित करनी है। मतदान केन्द्रों के लिए रूट चार्ट और असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनर का विवरण भी तैयार करना सुनिश्चित करना है। फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 का कार्य (समय रेखा 7, 15, 30 दिन) की अवधि में सुनिश्चित किया जाए। जो वृद्ध मतदाता 100 की आयु के हैं या उनसे पार कर चुके हैं उन मतदाताओं का सत्यापन भी किया जाए।

**पहचान**

**8 संवेदनशील मतदान केन्द्रों का विवरण भी जुटाने के अलावा रैलियों के लिए स्थानों की पहचान भी सुनिश्चित करनी है**

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी इसे साधारण ना ले व इसपर गंभीरता से कार्य करें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त पंकज,एसडीएम मनदीप, सीटीएम टीना पौशवाल, डीडीपीओ, तहसीलदार अजय सैनी, अनिल शर्मा, वीरेंद्र तहसीलदार सुदेश राणा आदि मौजूद रहे।

# कच्ची शराब बनाने वाले फरार चल रहे तीन आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत कमाल हुसैन**

थाना सदर पुलिस ने रिफाइनरी नेफ्ता प्लांट के पास जंगल में कच्ची शराब बनाने वाले फरार चल रहे तीन आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान सुखचेन, सरनजीत व रणजीत उर्फ गुल्ली निवासी बोहली के रूप में हुई। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर जगजीत सिंह ने बताया कि थाना सदर पुलिस व ईआरवी टीम ने बीती 6 फरवरी को रिफाइनरी नेफ्ता प्लांट के नजदीक जंगल में अवैध रूप से कच्ची शराब निकालने की मिली गुप्त सूचना पर मौके पर दबिश दी थी।

## न्यूज फ्लैश

### 14 करोड़ की लागत से असंध नाका से रोहतक हाईवे तक बनेगा फ्लाई ओवर

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत** शहर को जाम मुक्त कराने के लिए एवं असंध रोड पर जाम कम करने के लिए शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज द्वारा असंध रोड नाका से रिफाइनरी होते हुए रोहतक हाई वे जाने के लिए 14 करोड़ की लागत से फ्लाइओवर का निर्माण कराया जाएगा कएचएसआरडीसी विभाग द्वारा फ्लाइओवर के निर्माण का टेन्डर लगा दिया गया है कशीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा क *असंध रोड पर कम होगा ट्रैफिक* :- फ्लाइओवर बनने से असंध रोड पर ट्रैफिक कम होगा एवं जींद ,रिफाइनरी एवं रोहतक जाने वालों को शहर के बाहर से एक रास्ता मिलेगा एवं समय की बचत होगी। असंध नाका के पास जाम कम लगेगा एवं यात्री आसानी से फ्लाइओवर के माध्यम से रिफाइनरी एवं रोहतक जींद हाईवे के तरफ निकल सकेंगे ट्रैफिक जाम से शहर को निजात दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हू* :- विधायक प्रमोद विज ने बातचीत में कहा कि पानीपत शहर जाम मुक्त हो इसलिए निरंतर प्रयासरत हू, फ्लाइओवर का टेन्डर लगा दिया गया है शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य प्रारंभ होगा एवं शहर से बाहर जाने वालों को एक अतिरिक्त वैकल्पिक मार्ग मिलेगा।

### एमसी स्क्वायर ने अपना अगली गीत, 'टेढ़े चालक' रिलीज किया

**गाजियाबाद।** अपनी आकर्षक बोली और बेहतरीन गीत कौशल के साथ भावपूर्ण शब्दकार, एमसी स्क्वायर ने अपना अगली गीत, टेढ़े चालक रिलीज किया है। इसमें भावनाओं को हार्ड कोर रैप में पिरोया गया है। यह गीत श्रोताओं को हरियाणा की सड़कों के एक रोमांचक सफर पर ले जाता है, जिसमें अपनी जमीन से एमसी स्क्वायर का प्रेम और अपने सपनों के पीछे उनकी निरंतर उड़ान प्रदर्शित होती है। जर्सी बीट के साथ एमसी स्क्वायर श्रोताओं को बचपन की अपनी महत्वाकांक्षाओं से लेकर पूरे विश्व में सफलता हासिल करने के अपने प्रेरक सफर का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित करते हैं। टेढ़े चालक के शक्तिशाली बोलों के साथ वो अपनी महत्वाकांक्षा की ओर निरंतर बढ़ते रहने की अभिव्यक्ति द्वारा हरियाणा की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का एक जीवंत चित्र पेश करते हैं। गीत के परफॉर्मर-लेखक, एमसी स्क्वायर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, ह्यह्यटेढ़े चालक मेरी अपनी कहानी में लौटने का अनुभव था, इस सफर ने सपनों को सच कर दिया। इस गीत की हर पंक्ति हमारी जड़ों और संस्कृति का अभिवादन करती है, और मेरे हरियाणा के निरंतर उत्साह का आभार व्यक्त करती है। मैं चाहता हूँ कि यह ट्रैक हमारी मातृभूमि की शक्ति और जीवंतता को प्रतिबिंबित करे। टेढ़े चालक उन सभी के लिए है, जो सपने देखने की हिम्मत करते हैं। मैं एक ऐसा गीत बनाना चाहता था, जो हर उस व्यक्ति के साथ प्रतिध्वनित हो, जिसे अपनी विरासत पर गर्व है, और जो महानता की ओर बढ़ना चाहता है। मुझे उम्मीद है कि यह सभी श्रोताओं को कभी हार न मानने के लिए प्रेरित करेगा। व्यक्तिगत कहानियों में बुनी हरियाणा की हृदयस्पर्शी बीट्स के साथ, टेढ़े चालक पहले स्वर से ही बेहतरीन चार्ट-टॉपिंग गीत होगा, जो लाडो और माशूका के बाद सफलता की कहानी को आगे बढ़ाएगा। एमसी स्क्वायर का अद्वितीय कहानी वाचन और संगीत का कौशल हरियाणवी रैप को नई ऊँचाई पर ले जाएगा।

### क्सिकॉम टेली-सिस्टम्स लिमिटेड का आईपीओ 27 फरवरी, 2024 को खुलेगा

**नोएडा।** एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स लिमिटेड (ईटीएसएल या कंपनी), इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के संबंध में मंगलवार, 27 फरवरी, 2024 को अपनी बिडिंग/ऑफर की शुरूआत करेगी। कुल ऑफर आकार में 3,290 मिलियन (329 करोड़), (फ्रेश इश्यू) तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू और 7,042,200 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री की पेशकश शामिल है (बिक्री के लिए प्रस्ताव), (एक साथ, ह्यद टोटल इश्यू साइज)। ऑफर का प्राइस बैंड



135 से 142 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 100 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 100 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। एंकर निवेशक बोली की तारीख सोमवार, 26 फरवरी, 2024 होगी। बिडिंग/ऑफर सदस्यता के लिए मंगलवार, 27 फरवरी, 2024 को खुलेंगे और गुरुवार, 29 फरवरी, 2024 को बंद होंगे (बोली/प्रस्ताव अवधि)। कंपनी फंडिंग के लिए इक्विटी शेयरों के नए इश्यू से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग इन मदों में करने का प्रस्ताव करती है - (1) तेलंगाना में नियोजित विनिर्माण सुविधा में उत्पादन/असेंबली लाइनों की स्थापना की लागत का आंशिक वित्तपोषण 1457.72 मिलियन (145.72 करोड़); (2) हमारी कंपनी के 502.98 मिलियन (50.29 करोड़) के कुछ उधारों का आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान; (3) 690 मिलियन (69 करोड़) की आंशिक वित्त पोषण वृद्धिशील कार्यशील पूंजी आवश्यकताएं; (4) अनुसंधान एवं विकास उत्पाद विकास में 400 मिलियन (40 करोड़) का निवेश; और (5) सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए शेष राशि (प्रस्ताव के उद्देश्य)।

# एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से काम करने के दिए आदेश

**दौरा किया**

**8 लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दास्त नहीं होगी। ना केवल सारा रिकार्ड मैनटेन होना चाहिए**

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी खरखौदा**

**बृहस्पतिवार** को एसडीएम खरखौदा ज्योति मित्तल ने शहर का दौरा किया और नगरपालिका के अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने शहर की जाम की स्थिति को देखते हुए, अधिकारियों को फटकारा और इस पर तत्काल प्रभाव से काम करने के आदेश दिए। ताकि सड़कों को अतिक्रमण



मुक्त किया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने शहर की गंदगी को विधिवत रूप से उठाने के साथ ही पानी निकासी भी दुरुस्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शहर की गंदगी का सही से उठान नहीं हो रहा है। उन्होंने इस दौरान नंदीशाला का भी दौरा किया। वहीं नंदीशाला के एक हाल का शेड़ टूटा होने की सूचना नपा कार्यालय में होने के बावजूद इसके सुधार की तरफ कदम नहीं बढ़ाए जाने पर एसडीएम नाराज दिखाई दी। उन्होंने कहा कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दास्त नहीं होगी। ना केवल सारा रिकार्ड मैनटेन होना चाहिए, बल्कि यहां पर रखे जाने वाले पशुओं को भी समय पर हरा व सूखा चारा मिले इसकी व्यवस्था में कोताही को बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

# मर्यादा के अनुरूप ही किया जाए झंडों के निपटान: उपायुक्त

**सोनीपतः** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में पत्र जारी करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश के लोगों की आशाओं एवं आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए इसे सम्मान मिलना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज के लिए हर भारतवासी का एक सार्वभौमिक लगाव, आदर तथा वफादारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 तथा भारतीय झंडा संहिता 2002(2021 एवं 2022 में यथासंशोधित) राष्ट्रीय ध्वज के प्रयोग, ध्वजारोहण व संप्रदर्शन को नियंत्रित करते हैं।

# नामचर्चा कर सचखंड वासी कृष्णा देवी को दी श्रद्धांजलि

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा के जिला** पानीपत के ब्लॉक काबडीं की नूरवाला में ब्लॉक स्तरीय नाम चर्चा का आयोजन किया गया। नामचर्चा की शुरूआत ब्लॉक प्रेमी सेवक सोनू इन्सां द्वारा पवित्र नारा धन धन सतगुरु तेरा ही आसरा लगाकर व पूजनीय परमपिता शाह सतनाम सिंह जी के पावन महा रहमो कर्म दिवस (गुरु गद्दी महा) की बधाई देकर की गई। नामचर्चा में कविराज भाइयों ने पवित्र ग्रंथ से शब्द लगाएं। ब्लॉक स्तरीय नाम चर्चा में नूरवाला की सेवादार बहन सचखंड वासी कृष्णा देवी मजोका इन्सां को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कृष्णा देवी मजोका इन्सां के पति मदन मजोका इन्सां ने बताया कि सात



साल पहले आज के दिन 22 फरवरी 2017 को कृष्णा देवी मजोका का अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके सतगुरु के चरणों में जा विराजी थी। उसी की याद में संत डॉक्टर गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां के पावन वचनों पर अमल करते हुए आज काबडीं की साध संगत को सेवा के लिए अपनी नेक कमाई से 200गज का प्लांट समर्पित किया है। मदन मजोका ने बताया कि इस प्लांट पर संगत गुरु की महिमा का गुणगान करेंगी। वही नाम चर्चा में दरबार द्वारा चलाए जा रहे मानवता भलाई कार्य के बारे में संगत को बताया और उस पर बढ़ चढ़ कर अमल करने को कहा।इस अवसर पर सुनील मजोका इन्सां,संत लाल मजोका,साईदास मजोका इन्सां,राम स्वरूप इन्सां, रामकुमार वर्मा इन्सां,सुरज इन्सां, लालचंद इन्सां समस्त मजोका परिवार व ब्लाक की संगत मौजूद रही।

**नाम चर्चा**

**8 हरियाणा के जिला पानीपत के ब्लॉक काबडीं की नूरवाला में ब्लॉक स्तरीय नाम चर्चा का आयोजन किया**

# सफलता : 10 किलो गांजा सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

सीआईए थ्री पुलिस टीम ने उड़ीसा से नशा लेकर आ रहे एक नशा तस्कर को भलौर गढ़ी मोड़ पर गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 10 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान भीम सिंह निवासी राक्सेहडा के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम बुधवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान बापौली में अनाज मंडी के पास मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव राक्सेहडा निवासी भीम सिंह मादक पदार्थ बेचने का अवैध धंधा करता है। भीम सिंह प्लास्टिक कट्टे में भारी मात्रा में मादक पदार्थ लेकर भलौर गढ़ी मोड़ पर समालखा जाने के लिए खड़ा है। पुलिस टीम ने मौके



पर दबिश दी तो भलौर गढ़ी मोड़ पर खड़ा युवक पुलिस टीम को आते देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान भीम सिंह पुत्र मलुक सिंह निवासी राक्सेहडा के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ सतपाल सिंह की उपस्थिति में युवक के प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली तो गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा का वजन करने पर 10 किलो पाया गया। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह शार्टकर्ट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए उक्त गांजा उड़ीसा से कम कीमत पर खरीदकर लाया था। बुधवार को आरोपी गांजा लेकर गांव जाने के लिए भलौर गढ़ी मोड़ पर वाहन के इंतार में खड़ा था। पुलिस ने आरोपी को गांजा सहित गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना बापौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने वीरवार को आरोपी भीम सिंह को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 6 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा उन्हें पकड़ने का प्रयास करेंगी।

**काबू किया**

**8 आरोपी के पास से 10 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान भीम सिंह निवासी राक्सेहडा के रूप में हुई**

# महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया बेस्ट मदर उत्सव का आयोजन

**जागरूक**

**8 परियोजना अधिकारी लक्ष्मी देवी ने कहा कि महिलाओं की बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए**

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**महिला** एवं बाल विकास विभाग की ओर से गत दिवस पानीपत ग्रामीण मे बेस्ट मदर प्रतियोगता का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को सर्कल स्तर पर व ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय इनाम वितरित



किए गए। कार्यक्रम में श्रेष्ठ माताओं को सम्मानित भी किया गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी लक्ष्मी देवी ने कहा कि महिलाओं की बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अच्छे स्वास्थ्य, अच्छे खानपान व बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए गंभीर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रतियोगता मे ब्लॉक स्तर पर रितु गांव ददलाना को प्रथम स्थान, पुष्पा खितपुरा को दितीय स्थान व मीना सिवाह तृतीय स्थान प्राप्त हुए।

# बादली विधानसभा में शक्ति वंदन कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी वार्ड के भलस्वा डेरी के त्यागी फार्म हाउस में शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की अध्यक्ष बिन्दु ने की। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र चंदोलिया, जिला महामंत्री महेश तोमर, प्रभारी दिल्ली प्रदेश भाजपा पूर्वांचल मोर्चा विजय भगत, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब, भाजपा मंडल अध्यक्ष रेखा दुबे, युवा मोर्चा अध्यक्ष पंकज यादव, भाजपा नेता दीपक चौधरी, मधुदास जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, सुरेश पाण्डेय, अजमेर देशवाल के अलावा कार्यक्रम संयोजक सुभि शुक्ला और मंडल अध्यक्ष बिन्दु सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर बहुताय की संख्या में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों व महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता योगेन्द्र चंदोलिया ने उपस्थित महिलाओं को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया और कहा कि सरकार ने महिलाओं के हित को ध्यान में रखते हुए कई योजनाएं लागू की है। इस मौके पर प्रभारी दिल्ली प्रदेश भाजपा पूर्वांचल मोर्चा विजय भगत ने कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया।

# शिक्षा से ही सुधरेगी देश की दिशा और दशा: राज खुराना



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित गुजरावालां टाउन में रहने वाले व पूर्व निगम पार्षद राज खुराना ने कहा कि देश व स्वंय का विकास तभी संभव है जब शिक्षा मिले, बिना शिक्षा के मानव व आदिमानव में कोई अंतर नहीं होता है। वहीं खुराना ने कहां कि शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी आज युवाओं के पास पर्याप्त रोजगार के साधन नहीं है। जैसे-जैसे देश की जनसंख्या बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे ही सरकारी नौकरियों में प्रतिस्पर्धा इतनी बढ़ गई है कि हजार सीट्स पर लाखों बच्चों द्वारा आवेदन फार्म भरे जाते हैं। पढ़ने-लिखने के बाद भी आज का युवा बेरोजगार है और कारण सिर्फ एक है। देश की बढ़ती जनसंख्या और रोजगार की कमी। वहीं उन्होनें यह भी कहा कि यह बात भी सच है कि इससे निजात पाने के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून ही एकमात्र विकल्प है।

# डेरावाल नगर में पुनीत गुप्ता ने किया चौपाल का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चांदनी** चौक लोकसभा के अंतगर्त आने वाले मॉडल टाउन क्षेत्र में रहने वाले प्रसिद्व समाज सेवी पुनित गुप्ता ने जहां समस्या वहां चौपाल मुहिम का आयोजन किया। पुनित गुप्ता ने बताया कि इस मुहिम के तहत हम वहां पर चौपाल लगाते है जहां पर लोगों को समस्याएं होती है, फिर उस समस्या को निजी तौर पर व शासन प्रशासन द्वारा समाधान किया जाता है। इसी कडी में आज मॉडल टाउन क्षेत्र स्थित डेरावाल नगर के अमरदेव ग्राउंड की सालों से जर्जर हालत में पडी हुई दीवारों की पेंटिंग का काम दो-तीन दिन में शुरू हो जाएगा, वहीं टूटी पडी हुई पटरियां बनवाने के लिए संबंधित प्रशासन को भी अवगत करवाया गया है जिसका समाधान जल्दी निकल जाएगा। वहीं पुनित ने यह भी बताया है कि हमारे चार मुख्य मुद्दों में से एक सड़कों पर घूम रही आवारा गाय की समस्या के लिए क्षेत्रीय सांसद डॉक्टर हर्षवर्धन पूर्णतया जिम्मेदार है और उनके बदलते ही 6 माह के अंदर इस समस्या का स्थाई निवारण हो जाएगा और उन्होंने आज की चौपाल के माध्यम से गायपालकों से अनुरोध किया है कि वह 6 महीने तक अपने पशुओं को ऐसे आवारा ना छोड़े क्योंकि उनसे अनेकों तरह की समस्याएं होती है।

# नेहरू युवा केन्द्र: ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेहरू** युवा केंद्र पश्चिमी दिल्ली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) जिला युवा अधिकारी पूजा कौशिक की अध्यक्षता में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मुंडका गांव के जीएम स्पोर्ट्स फैमिली के ग्राउंड पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुंडका गांव के समाज सेवक अनिल लाकड़ा, कबड्डी कोच मनोज नरवाल, जीएम स्पोर्ट्स फैमिली के अध्यक्ष बबलू, राष्ट्रीयय स्वयंसेवक ब्रिजेश सिंह, पूर्व स्वयंसेवक नेमीचंद आदि उपस्थित रहे।

ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में व्यक्तिगत खेलों के साथ सामूहिक खेलों का आयोजन किया गया। सामूहिक खेलों के अन्तर्गत रस्सा कस्सी, खो-खो, कबड्डी व वॉली बॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी टीमों ने अपना-अपना प्रदर्शन दिखाया। जिसमें रस्सा-कस्सी में प्रथम स्थान मुंडका स्कूल, द्वितीय एसआरपी पब्लिक स्कूल, तृतीय स्थान महाराणा प्रताप क्लब ने प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नरवाल स्पोर्ट्स क्लब, द्वितीय स्थान महाराणा प्रताप क्लब व तृतीय विजेता जीएम स्पोर्ट्स फैमिली टीम को मिला। वॉली बॉल में प्रथम स्थान कोटला,द्वितीय स्थान चंचल पार्क व तृतीय स्थान बक्करवाला ने प्राप्त किया।

# बीजेपी सरकार लूट रही है लोगों की मेहनत की कमाई: आरडी खान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** में मंहगाई ने आम आदमी से लेकर हर किसी की कमर तोड़ रखी है। चावल, तेल, दाल, सब्जी, फल जैसी खाने-पीने की चीजों से लेकर पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस जैसी जरूरत की वस्तुओं की कीमत आसमान छू रही है। उक्त बातें सुल्तानपुरी विधानसभा उपाध्यक्ष रीयाजूद्दीन खान ने कही। वहीं खान ने भाजपा सरकार को सवालों के कटघरे में खडा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार लोगों को महंगाई से राहत देने के बजाय उन्हें लूटने का काम कर रही है। खान ने कहा कि देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है, लेकिन बीजेपी सरकार उनकी मेहनत की कमाई को लूटने में लगी हुई है। गौरतलब है कि देश में मंहगाई ने आम आदमी से लेकर हर किसी की कमर तोड़ रखी है।

# चौधरी जिले सिंह ट्रस्ट ने सैंकडों महिलाओं को स्वच्छता किट बांट कर किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर**-पूर्वी दिल्ली के राम नगर इलाके में भाई निवास पर चौ. जिले सिंह ट्रस्ट एवं युगधारा विजय के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत महिलाओं को जागरूकता एवं सफाई किट का वितरण किया गया। महिलाओं को वितरित की गई स्वच्छता किट में 4 पैकेट सर्फ, 3 विम साबुन, 2 डिटॉल साबुन, 2 हैंड वॉश साबुन, एक पोछा तथा एक झाडू शामिल रहीं। करीब 700 से ज्यादा महिलाओं को इस किट का वितरण कर जागरूक करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में सहयोगी संस्था हरी कौशल सांवरिया सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट तथा मास्टर टेक्सटाइल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में निगम पार्षद चंद्र प्रकाश शर्मा व रितेश सूजी, अंतर्राष्ट्रीय कवि डॉ. प्रवीण शुक्ल, समाजसेवी पंकज शर्मा मास्टर टेक्सटाइल, सुशील पांचाल ज्ञानदीप स्कूल, सुरेंद्र पाल वर्मा शशि पब्लिक स्कूल, पी.के. आजाद वरिष्ठ कवि, परम शक्ति सेवा संस्थान के सचिव वाई.के. शर्मा एडवोकेट, कवि सुरेश पाल जसाला, एडवोकेट राजेश्वर सिंह, सहकारी बैंक के डायरेक्टर विनय शर्मा, मंडोली रोड मार्किट के संगठन मंत्री मुकेश पांचाल, राजेश कुमार आर्टिस्ट एवं अध्यक्ष चौ. जिले सिंह सेवा ट्रस्ट के साथ पत्रकार अर्चना सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

# 'आप राज में महंगे दामों पर पानी खरीदकर पी रहे लोग'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भाजपा नेता डॉ. विपिन पिव्हाल ने कहा कि देश में फिर से भाजपा का परचम लहरायेगा। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में कार्य करती है, आज जो आप देश में विकास देख रहे है, इसका श्रेय केवल भाजपा को ही जाता है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह पूरे नहीं हो रहे है, जिसके चलते लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आज दिल्ली की कई कॉलोनियों में पानी न आने की वजह से दिल्ली की जनता को बाहर से मंहगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है।

# दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने रामबीर बिधूडी का जताया आभार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पंचायत संघ ने दिल्ली विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष रामबीर विधूड़ी द्वारा दिल्ली देहात व गांवों के मुद्दों को उठाने पर उनका मिलकर धन्यवाद करने का निर्णय लिया है व आभार व्यक्त किया है।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की हमने लगातार दिल्ली की मेयर डॉ शैली ओबरॉय से दिल्ली के गांवों को हाउस टैक्स से मुक्त करने, गांवों को भवन उपनियम से बाहर रखने व गांवों को व्यवसायिक श्रेणी में करने की मांग की।

**ग्रामीणों का मखौल उड़ा रही है आप सरकार:** थान सिंह ने बताया कि मेयर ने झुठी घोषणा कर अपनी पार्टी कार्यालय पर संवाददाता वार्ता में की थी कि गांवों का हाउस टैक्स माफ कर दिया है। लेकिन आज तक इस पर निगम में प्रस्ताव पारित नहीं हुआ। इससे इनकी गांवों के प्रति नफरत नजर आ रही है। इन्होने गांवों व ग्रामीणों का मजाक बनाया है। उन्होनें कहा कि गावों के विकास कार्यों के लिए बनाए मदो के फंड की राशि भी दूसरे मदो में डाल दी।

जिससे गांवो को स्लम बनाने का इन्होंने काम किया है।

**प्रतिपक्ष नेता रामबीर विधूड़ी का जताया आभार:** दिल्ली देहात व गांवों के हाउस टैक्स माफ करने, गांवों के मदो की राशि व अन्य मुद्दो को विधान सभा में प्रतिपक्ष नेता रामबीर विधूड़ी ने रखा है। हम उनसे भी मांग करते है की वे आगे आए ओर हमारी इन मांगों की लड़ाई मजबूती से लड़े।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र: दादा मोहनदास मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** के मामूरपुर में दादा मोहनदास मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में मामूरपुर सहित आसपास के गणमान्य लोग मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के नरेला में पाना मामूरपुर स्थित प्राचीन दादा मोहनदास मंदिर प्रांगण में बाबा मोहनदास जी की स्थापना दिवस के अवसर पर वीरवार को पाना मामूरपुर ग्रामवासियों की ओर से हर वर्ष की भांति हवन यज्ञ कीर्तन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर 11 बजे से शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा। भंडारे में हजारों की संख्या में आस-पास के क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन यज्ञ से हुआ। इस दौरान बाबा का भव्य श्रृंगार कर आरती की गई।

इसके पश्चात महिला मंडल द्वारा कीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजन से जुड़े लोगों ने बताया कि प्राचीन दादा मोहन दास मंदिर से लाखों लोगों की आस्था जुडी हुई है और समय-समय पर मंदिर में कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। स्थापना दिवस के अवसर पर हर वर्ष विशाल भंडारे का आयोजन पाना मामूरपुर ग्राम वासियों ओर से किया जाता है। इस दौरान पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, प्रधान रणबीर खत्री, विजय पहलवान, कृष्ण घी वाला, संजय खत्री, पूर्व निगम पार्षद केशरानी, रजनीश खत्री, चौधरी सूरजभान, चौधरी नत्थू, चौधरी इंद्राज, सत्यवान, राज सिंह, शीलू, जोगिंदर खत्री, वीरेन्दर खत्री, ब्रह्मप्रकाश, संजय खत्री, नीटू, प्रदीप, सेठी, मनीष, हिमालय, प्रवीन, चिराग, सुनील, मन्नी, राकेश, चौधरी इंद्राज, जीत सिंह, राजेंदर खत्री, सुनील भारद्वाज, सतीश, राजेंदर जांगड़ा वेद प्रकाश, आशीष, नाहर, कृष्ण, शेखर, कुलदीप, प्रदीप जमींदार, मोंटी, योगेश, दिनेश, जगबीर,जुगन,अजय खत्री, मुकेश कुमारी, माया देवी, दुलारी, सावित्री, संजो, कृष्णा, कुसुम, रानी, बाला सहित सेकड़ो लोग मौजूद रहे।

# राजपुरा माइनर की सफाई में हो रही खानापूर्ती, किसानों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

पिछले कुछ दिनों से नहरी विभाग द्वारा राजपुरा माइनर की सफाई का कार्य किया जा रहा है, लेकिन सफाई कार्य में खानपूर्ति की जा रही है। जिस वजह से किसानों में विभाग के प्रति रोष है। विभाग द्वारा रेलवे लाईन क्रासिंग पुल के नीचे जमे कबाड़ की सफाई नहीं करवाई जा रही। वही नहर से सफाई के दौरान निकले कबाड़ को नहर की पटरी पर छोड़ दिया है। अगवानपुर की तरफ जा रहे वाहनों के गुजरने पर कबाड़ फिर से नहर में ही गिर रहा है। किसानों का आरोप है कि नहरी विभाग सफाई कार्य में गंभीरता से ध्यान नही दे रहा। किसानों ने विभाग के उच्च





अधिकारियों से सफाई का कार्य ठीक ढंग से करवाने की मांग की है। किसानों ने बताया कि नहरी विभाग द्वारा राजपुरा माइनर नहर की जेसीबी की मदद से सफाई करवाई जा रही है। जेसीबी से कर्मचारी नहर की तली व दिवारों की सफाई में कोताही बरत रहे हैं। कई जगहों पर कबाड़ अभी तक भी जमा है।

इसके साथ ही रेलवे क्रासिंग के नीचे नहर की सफाई नहीं करवाई जा रही है। किसानों ने बताया कि पुल के नीचे उगे कबाड़ की वजह के आखरी टेल तक पानी पहुंचने में भी समय लगेगा और यदि माइनर में ज्यादा पानी छोड़ दिया गया तो माइनर की पटरी के टूटने का भी भय रहेगा। उन्होंने विभाग के उच्च अधिकारियों से नहर की सफाई का कार्य सही तरीके से करवाने की मांग की है।

- सफाई में नहीं बरतने देंगे लापरवाही

विभाग के जेई रवि ने बताया कि नहर की सफाई को सही ढंग से करने के आदेश दिए गए हैं। जेसीबी की मदद से सफाई करवाई जा रहा है, लेकिन जहां जरूरत पड़ेगी वहां लेबर भी लगवाई जाएगी। सफाई के कार्य में लापरवाही नहीं बरतने दी जाएगी।

# समालखा में हुई ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा 22 फरवरी ( कुलदीप सिंह )**

समालखा में जीटी रोड स्थित कार्यालय पर ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा के जिला प्रधान त्रिलोक शर्मा जौरासी ने की बैठक में जिला प्रधान त्रिलोक शर्मा ने कहा आने वाली 25 फरवरी को इसराना में पंडित बलवान शर्मा अहर नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन कर रहे हैं जिसमे ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी ने फैसला लिया की भाई बलवान शर्मा बहुत ही बड़े समाजसेवी और दानवीर हैं हर जगह पर चढ़कर 36 बिरादरी में दान करते हैं और और बहुत बड़े गौ माता के भक्त हैं और भारतीय जनता पार्टी के बहुत ही पुराने कार्यकर्ता है भाई बलवान शर्मा ने नौल्था विधानसभा क्षेत्र से विधायक का चुनाव



भी लड़ा था जिला अध्यक्ष त्रिलोक शर्मा ने कहा हम समालखा से 25 तारीख को नागरिक अभिनंदन समारोह में हजारों की संख्या में लोगों को लेकर जाएंगे युवा जिला प्रधान जनेश्वर दत्त ने कहा पूर्व सरपंच भाई बलवान शर्मा 36 बिरादरी की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहते हैं हजारों की संख्या में समालखा से समारोह में लोगों को लेकर जाएंगे इस मौके पर नगर पालिका पार्षद हरिओम शर्मा भापरा युवा जिला प्रधान जनेश्वर दत्त पूर्व ब्लाक पार्षद अशोक शर्मा जौरासी युवा हलका प्रधान रमेश शर्मा बिलासपुर ब्लॉक प्रधान रामपाल आटा ब्लॉक उप प्रधान सतीश शर्मा हल्दाना युवा ब्लॉक प्रधान सोनू शर्मा देहरा युवा ब्लॉक उपप्रधान शंकर शर्मा नामुंडा हल्का मीडिया प्रभारी अनीश शर्मा पावटी घनश्याम शर्मा पट्टीकल्याण राजेश शर्मा सुरेश शर्मा केशव शर्मा मौजूद रहे

## संक्षिप्त खबरें

### *नरेंद्र लोबान युवा मोर्चा और राकेश वाल्मिकी एससी मोर्चा के बनें जिला अध्यक्ष*

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**



भारतीय जनता पार्टी लगातार संगठन पदाधिकारियों की नियुक्ति कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के दिशा निर्देशों पर युवा मोर्चा और अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्षों और दो मंडल अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई है। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने नरेंद्र लोबान को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता ने राकेश वाल्मिकी को जिला अध्यक्ष बनाया है। इस बाबत दोनों प्रदेश अध्यक्षों द्वारा पत्र भी जारी किया गया है।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख नवीन गर्ग ने बताया कि जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने सिद्धार्थ राणा को नाड्डा मण्डल अध्यक्ष और जय प्रकाश जांगड़ा को चण्डी मण्डल अध्यक्ष नियुक्त किया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा और एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे।

नवीन गर्ग ने कहा कि इन सभी पदाधिकारियों की नियुक्ति होने से जिला टीम में खुशी का माहौल है। नवीन गर्ग ने बताया कि नवनियुक्त युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र लोबाना निगम में वार्ड पार्षद भी हैं और पूर्व में भी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। अनुसूचित मोर्चा जाति जिलाध्यक्ष राकेश बाल्मिकी नगर निगम में पार्षद हैं और साथ ही मंडल महामंत्री का भी दायित्व निभा चुके हैं। चंडी मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश पूर्व में ओबीसी मोर्चा के कोषाध्यक्ष रहे हैं और नाड्डा मंडल के अध्यक्ष सिद्धार्थ राणा पूर्व में मंडल महामंत्री और जिला बार असोसिएशन में पूर्व उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने कहा भाजपा जिला की टीम ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने पर डबल शिफ्ट में लगाए जाएंगे शहर व गांव सहित तीन स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

सरकारी स्कूलों में कोरोना संक्रमण के बाद विद्यार्थियों की संख्या बढ़ गई है। उसके बाद से कुछ राजकीय स्कूलों में पर्याप्त कमरों की कमी के कारण शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए शहर व गांव के तीन स्कूलों में डबल शिफ्ट में लगाने की योजना बनाई है। जिससे स्कूलों में पढ़ाई करवाते समय कमरों की कमी से परेशानी न झेलनी पड़े। इन सरकारी स्कूलों में सुबह के समय में कक्षा नौवीं से बारहवीं व दोपहर के समय कक्षा पहली से आठ तक के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करेंगे। गन्नौर के चार स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या ज्यादा व कमरों की संख्या कम है।

इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गन्नौर, राजकीय हाई स्कूल मोई व बड़ी गांव में राजकीय हाई स्कूलों को दो शिफ्टों में किया है। इसके अलावा गन्नौर के माड्ल संस्कृति स्कूल में पहले से ही दो शिफ्टों में छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

इन स्कूलों में इतनी है छात्रों की संख्या

- शिक्षा विभाग के आकड़ों के अनुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्रों की संख्या 647 व राजकीय माड्ल संस्कृति स्कूल में 1154 व मोई गांव के राजकीय हाई स्कूल में 132 व राजकीय हाई स्कूल बड़ी में 653 है। कमरों के अभाव में गर्मी का मौसम की शुरूआत में विभाग ने फैसला लिया है।

कुछ में कमरे निर्माण चल रहा तो कुछ में चल जाएगा : बीईओ

- बीईओ सतीश ने बताया कि मोई गांव के राजकीय हाई स्कूल में कमरे बनाने का काम चल रहा है। कमरे बनने के बाद एक ही शिफ्ट में हो जाएगा। जहां कमरे बनाने के लिए जगह नही है वे स्कूल छात्र संख्या के आधार पर दो ही शिफ्टों में रहेंगे।

## मुजेसर पुलिस ने लावारिस घूम रही वृद्धा की ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम पहुंचाया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, 22 फरवरी, (हरपाल सिंह यादव )।**

प्रैस कालोनी सेक्टर-22 एनआईटी में लावरिस अवस्था में घूम रही एक बेसहारा वृद्धा को एनआईटी मुजेसर की दुर्गा शक्ति टीम ने नवजन मोर्चा समिति( रजि0 ) ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक पहुंचाकर एक जिन्दगी को तो बचाया ही है साथ ही साथ मानवता का परिचय भी दिया है। वृद्ध महिला से जब आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज ने बात की तो वृद्धा ने अपना नाम संध्या पत्नी नगीना सिंह उम्र-80 वर्ष और गोपालगंज बिहार निवासी बताया। इसके अलावा वह कुछ भी बता पाने में असमर्थ थी।

# सरकार द्वारा रास्ते रोकने से अब तक लगभग 14000 ट्रक रास्तों में रुके हुए हैं: गर्ग

**आया गवन**

8 सरकार द्वारा रास्ते रोकने से लगभग 40 प्रतिशत माल की आया-गवन कम हो गया है- बजरंग गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने व्यापारी, उद्योगपति व किसानों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार को किसानों की समस्या का हल करके रास्ते खोलने चाहिए। बार-बार किसान आंदोलन के कारण किसानों की





मौत हो रही है। कल भी 22 साल के युवा किसान की मौत होना बहुत दुखदाई है पिछले किसान आंदोलन में भी लगभग 750 किसान शहीद हो गए थे। बजरंग गर्ग ने कहा कि बार-बार आंदोलन होने से और सरकार द्वारा हरियाणा व दिल्ली की सीमाओं पर बैरिकेटिंग करके रास्ते रोकने से व्यापार व उद्योग में करोड़ों रुपए का नुकसान हो चुका है। यहां तक की बहादुरगढ़, कुंडली, राई, सोनीपत, पानीपत, देश व प्रदेश के उद्योग व व्यापार में अब तक 16500 करोड रुपए का नुकसान हो चुका है और अंबाला में कपड़ा मार्केट व सरार्फा का काम पूरी तरह से ठप्प हो चुका है और लगभग अब 14000 ट्रक रोड पर रुके हुए हैं। देश में 40 प्रतिशत माल का आया गवन कम हो चुका है।

इतना ही नहीं चंडीगढ़ से दिल्ली रोड पर होटल, डाब्बे, बैंक्विट हॉल, अन्य व्यापार व उद्योग ठप्प हो गए है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार ने नाकें लगाकर हरियाणा व पंजाब की जनता को कैद करके रख दिया है जबकि रास्ते हमेशा आंदोलनकारी रोकते थे मगर पहली बार देखने में आया है कि रास्ता सरकार रोक रही है। जब किसान दिल्ली से 250 किलोमीटर दूर बैठा है तो ऐसे में सरकार द्वारा बहादुरगढ़ से दिल्ली, सोनीपत से दिल्ली के रास्ते बंद करना उचित नहीं है। सरकार को किसानों से किए हुए वादों को पूरा करते हुए उनकी जो भी जायज मांगे है उस समस्या का समाधान सरकार को तुरंत करना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि हर समस्या का समाधान बातचीत से ही होता है। श्री गर्ग ने किसानों से भी अपील की है कि वह सरकार के साथ मिल बैठकर समस्या का समाधान निकाले।

# बिजली समस्या का गुणवत्ता पूर्वक समाधान हो : पीसी मीणा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।**

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने गुरुग्राम के डीएचबीवीएन कार्यालय में फरीदाबाद ऑपरेशन सर्कल की ओआरसी बैठक ली। उन्होंने सब डिविजन, डिविजन और सर्कल स्तर पर प्रगति की स्थिति का जायजा लिया। इसमें उपमंडल स्तर पर सभी बिंदुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों की प्रगति का आंकलन किया।

इस बैठक में बिजली निगम के पैरामीटर के अनुसार किए जा रहे सभी कार्यों का विवरण दिया गया। प्रबंध निदेशक ने बिजली से संबंधित शिकायतों एवं



समस्याओं का गुणवत्ता पूर्वक समाधान करने तथा उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनके संतुष्टीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने परिचालन मापदंडों की समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए वे उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अधिकतम प्रयास करें, अन्यथा वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। प्रबंध निदेशक ने मौजूदा वित्त वर्ष में डीएचबीवीएन के लाइन लॉस, वितरण सहित एटीएंडसी लॉस, कनेक्ट और डिस्कनेक्ट कनेक्शन की राशि वसूली एवं संग्रहण क्षमता आदि की समीक्षा करते आरडीएस फीडर तथा लॉस में चल रहे फीडर पर चोरी का पता लगाने की स्थिति का भी जायजा लिया तथा इसमें सुधार करने के निर्देश दिए।

## फरीदाबाद में उल्लस-सांस्कृतिक उत्सव-उल्लास का उदघाटन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

प्राचार्य डॉ. रुचिरा खुल्लर के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 22.02.2024 को पं. जे.एल.एन. राजकीय महाविद्यालय , फरीदाबाद ने हरियाणा कला परिषद, रोहतक और यूथ रेड क्रॉस के सहयोग से, उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा, पंचकुला द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव-उल्लास का उदघाटन किया` यह कार्यक्रम विक्टोरिया ऑटो, जुनेजा फाउंडेशन और इंपीरियल ऑटो द्वारा सह-प्रायोजित है ।

डॉ. भूपेन्द्र मल्होत्रा इस कार्यक्रम के संयोजक और डॉ. दीपिका लोगानी सह-संयोजक थे ।

# गन्ना की कीमतों में बढ़ोतरी कर मोदी सरकार ने उठाया किसान हित में एक और बड़ा कदम : नायब सैनी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरूक्षेत्र(दलबीर मलिक)**



हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने गन्ना के दामों में बढ़ोतरी को मोदी सरकार का किसानों के हित में एक बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लिया गया निर्णय किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में अहम कदम है। गन्ना के दामों में प्रति क्विंटल 25 रुपये की बढ़ोतरी करने पर प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के लिए किसान हित ही सर्वपरि है। समय-समय पर मोदी सरकार किसानों के हितों के लिए अनेकों योजनाएं लेकर आई जिससे देश और प्रदेश के किसान समृद्ध हो रहे हैं।

नायब सैनी ने कहा कि सरकार ने चीनी सीजन 2024-25 (अक्टूबर-सितंबर) के लिए एफआरपी को बढ़ाकर 340 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। गन्ना के दामों में एफआरपी में 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी मोदी सरकार की ओर से की गई सबसे अधिक बढ़ोतरी है। उन्होंने कहा कि 2024-25 के लिए गन्ने की कीमत 340 रुपये प्रति क्विंटल तय की गई है। यह पिछले साल 315 रुपये प्रति क्विंटल थी।नायब सैनी ने कहा कि चीनी सीजन 2024-25 के लिए एफआरपी चीनी सीजन 2023-24 की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है। 10.25 प्रतिशत से अधिक की रिकवरी में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत अंक की वृद्धि के लिए प्रति क्विंटल 3.32 रुपये का प्रीमियत प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 9.5 प्रतिशत या उससे कम रिकवरी वाली चीनी मिलों के लिए एफआरपी 315.10 रुपये प्रति क्विंटल तय की गई है। इससे 5 करोड़ से अधिक गन्ना किसान परिवारों को लाभ मिलेगा।नायब सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार किसानों के कल्याण से जुड़े हर संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। गन्ना खरीद की कीमत में ऐतिहासिक बढ़ोतरी कर मोदी कैबिनेट ने करोड़ों गन्ना उत्पादक किसानों को फायदा पहुंचाने का काम किया है।

श्री सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर की डबल इंजन की सरकार ने सही मायने में स्वामीनाथन की सिफारिशों को लागू करते हुए किसानों की आय में बढ़ोतरी का काम कर रही है।

नायब सैनी ने कहा कि 2014 के बाद मोदी सरकार बनने पर जनकल्याणकारी योजनाओं से किसानों की आर्थिक और सामाजिक उन्नति संभव हो पाई है।

# प्रधानमंत्री मोदी किसानों के सबसे बड़े हितैषी : बिप्लब देब

**ऐतिहासिक कदम**

8 गन्ने की कीमत 340 रुपये प्रति क्विंटल तय करना मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम : बिप्लब देब

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के सबसे बड़े हितैषी हैं। देश के किसान समृद्ध और सशक्त होकर विकसित भारत के निर्माण में सहयोगी बनें इसके इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी लगातार प्रयासरत है। गन्ना की कीमती में हुई वृद्धि पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बिप्लब कुमार देब ने कहा कि चीनी



सीजन 2024-25 के लिए एफआरपी वर्तमान चीनी सीजन 2023-24 की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है। किसान हित में लिए गए इस निर्णय पर बिप्लब देब ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया है। बिप्लब देब ने कहा कि गन्ना की कीमतों में 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी मोदी सरकार का ऐतिहासिक और किसानों को समृद्ध करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बिप्लब देब ने कहा कि 2024-25 के लिए गन्ने की कीमत 340 रुपये प्रति क्विंटल तय की गई है। पिछले साल यह 315 रुपये प्रति क्विंटल थी। चीनी सीजन 2024-25 के लिए एफआरपी वर्तमान चीनी सीजन 2023-24 की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के इस निर्णय से देश के करोड़ों गन्ना किसान परिवारों को लाभ मिलेगा। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि गरीबों, युवाओं और महिलाओं के साथ-साथ हमारे अन्नदाता का कैसे विकास हो यह मोदी सरकार के मुख्य एजेंडे में है। किसानों के जीवन में कैसे बेहतरी आए, इसके लिए लगातार मोदी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण पर फोकस करते हुए मोदी सरकार लगातार कार्यक्रम और नीतियां बना रही है।

बिप्लब देब ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने छोटे और सीमांत किसानों की सहायता के लिए पीएम किसान योजना बनाई है। इस योजना के तहत पात्र किसानों को तीन किस्तों में सालाना 6,000 रुपये की सीधी वित्तीय सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से सरकार ने किसानों के लिए मुआवजा सुनिश्चित किया है ताकि प्राकृतिक आपदा के दौरान फसल खराब होने पर किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

# इसराना में होगा नायब सैनी का भव्य नागरिक अभिनंदन: सांसद भाटिया

**बैठक**

8 संगठन और कार्यकर्ताओं के कारण बढ़ा भाजपा का ग्राफ, बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी – नीतिसेन भाटिया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

भारतीय जनता पार्टी के जीटी रोड कार्यालय में भाजपा के जिला पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया` बैठक की अध्यक्षता करनाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद संजय भाटिया ने की `भाजपा जिला प्रभारी उमेश विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए` भाजपा के वरिष्ठ नेता और



समाजसेवी नीतिसेन भाटिया सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहे` जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया` वरिष्ठ भाजपा नेता गजेन्द्र सलूजा ने भी बैठक को संबोधित किया` वरिष्ठ भाजपा नेता अमर शहीद महेंद्र रंजन के पुत्र व भाजपा नेता राजीव रंजन ने सभी का आभार व्यक्त किया`

सांसद संजय भाटिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 25 फरवरी रविवार को प्रातः 10:30 बजे भाजपा कार्यालय (जीटी रोड) में हरियाणा भाजपा अध्यक्ष नायब सैनी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करेंगे और 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकताओं के बीच बैठकर सुनेंगे` इसके अलावा पानीपत जिला में अनेक स्थानों पर भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम होंगे`सांसद भाटिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यालय मंदिर के सामान हैं और भारत माता की तरह ही प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा को मां के समान ही सम्मान देता है` इसलिए पानीपत जिला के सभी कार्यकर्ता भाजपा के निमार्णाधीन कार्यालय के लिए सामर्थ्य के अनुसार तन-मन-धन से पूर्ण सहयोग दें`हरियाणा में सुशासन व पूरी पारदर्शिता के साथ सभी कल्याणकारी योजनाओं का संचालन ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से हो रहा है उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जहाँ पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें वहीं दहेज जैसी सामाजिक बुराइयों को मिटाने के प्रति और अधिक जागरूक करें` उन्होंने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफल नीतियों का ही परिणाम है कि आज विदेशों में भी भारतीयों का सम्मान बढ़ा है भाजपा जिला प्रभारी उमेश शर्मा ने कहा कि यह भाजपा की हरियाणा सरकार के सुशासन का ही प्रभाव है कि अब प्रदेश में बिना पर्ची-बिना खर्ची के सभी सरकारी नौकरियां लगती हैं और वरिष्ठता के आधार पर ऑनलाइन सिस्टम से पूरी पारदर्शिता के साथ अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले किए जाते हैं

# मानव रचना परिसर में आज होगा हर घर परिवार, सूर्य नमस्कार कार्यक्रम: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (एमआरईआई) एवं हरियाणा योग आयोग की ओर से 23 फरवरी 2024, शुक्रवार को सूरजकुंड रोड़ स्थित मानव रचना के परिसर में "हर घर परिवार, सूर्य नमस्कार" के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में छात्र, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के साथ करीब हजारों की संख्या में प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, पतंजलि योग समिति और खेल



विभाग सहित स्थानीय योग संस्थाएं भी सहयोग देंगी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्री कृष्णपाल गुर्जर, केंद्रीय राज्य मंत्री, भारी उद्योग और ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार शामिल होंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. प्रशांत भल्ला-अध्यक्ष, एमआरईआई और एनसी वाधवा- डीजी, एमआरईआई सहित संस्थान से गणमान्य सदस्य भाग लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य करेंगे। हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान का आयोजन प्रदेश भर में किया जा रहा है, जिसका मुख्य लक्ष्य है घर- घर तक सूर्य नमस्कार के जरिए स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना।

# बुराड़ी: श्रीनिवास संस्कृत विद्यापीठम गुरूकुल में ब्रह्म उत्सव का भव्य आयोजन

## सुंदर कांड पाठ से वातावरण हुआ भक्तिमय, सांसद मनोज तिवारी ने बालाजी के दर पर टेका मत्था, भक्तों का उमड़ा सैलाब












**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**

**बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव स्थित श्रीनिवास** संस्कृत विद्यापीठम गुरूकुल में श्रीनिवास वेंकटेश भगवान तिरूपति बालाजी का सप्तम श्रीब्रह्मोत्सव स्थापना दिवस का आयोजन हुआ। ब्रह्म उत्सव के दौरान भक्तों का सैलाब उमड़ा रहा है। पिछले चार दिनों से नगर भ्रमण, सुंदर कांड पाठ, कथावाचकों द्वारा कथा का रसपान कराया जा रहा। हर कोई भगवान तिरूपति बालाजी की धुन में रंगा नजर आ रहा। आपको बता दें कि सन 2017 में भगवान तिरूपति बालाजी की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

**नगर भ्रमण से वातावरण हुआ भक्तिमय:** ब्रह्म उत्सव के अवसर पर प्रथम दिन भव्य और मनमोहक नगर भ्रमण का आयोजन किया गया। जहां पारंपरिक वेशभूषा में तिरूपति बालाजी के सान्निध्य में नगर भ्रमण निकला। क्षेत्र की विभिन्न गलियों, चौके से गुजरते हुए नगर भ्रमण का गुरूकुल में भव्य स्वागत हुआ। लोग इस मौके पर भक्ति के रंग में नजर आए।

**सांसद मनोज तिवारी ने लिया भगवान का आर्शीवाद:** भगवान तिरूपति बालाजी की महिमा अपंरपार है, उनके दर पर जो भी आता है खाली हाथ नहीं जाता, उक्त बातें स्थानीय सांसद मनोज तिवारी ने कहीं। उन्होंने कहा कि गुरूकुल बच्चों को भारतीय संस्कृति और वैदिक ज्ञान देकर अपनी संस्कृति को बढ़ावा दे रहा। मैं गुरूकुल को दिल की गहराईयों से अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाया है।





**महेंद्र कौशिक, प्रमुख सेवादार:** भगवान के साथ श्रीदेवी, भूदेवी एंव श्रीरामानुजस्वामीजी का नित्य आराधना, नित्य, उत्सव आदि का रसपान भक्तों को कराया जा रहा।

**सुंदरपाठ का हुआ भव्य आयोजन:** गुरूकुल में विश्व विख्यात सुन्दकाण्ड का आयोजन अजय भाई याग्निक के मुखारबिंद से हुआ। इस मौके पर गुरूकुल के साथ-साथ पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आ रहा था।

**गुरूकुल में 72 छात्र ले रहे शिक्षा-दीक्षा:** गुरूकुल के प्रमुख सेवादार महेंद्र कौशिक ने बताया कि गुरूकुल भारतीय संस्कृति और वैदिक शिक्षा को आगे बढ़ा रहा। भारतीय वैदिक शिक्षा अपने आप में उत्कृष्ट शिक्षा के लिए जानी जाती है। गुरूकुल में छठी से लेकर 12वीं तक छात्रों को सभी विषयों का गहन अध्ययन कराया जाता है। इस दौरान संस्कृत और वैदिक शिक्षा पर विशेष बल दिया जाता है।

**छात्रों को उपलब्ध कराई जाती है निशुल्क शिक्षा:** महेंद्र कौशिक ने बताया कि गुरूकुल की विशेष बात यह है कि छात्रों को निशुल्क शिक्षा उपल्बध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि गुरूकुल को मध्य प्रदेश स्थित गरुकुल महषि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान उज्जैन से मान्यता प्राप्त है और जो भी पास गुरूकुल से शिक्षा प्राप्त कर उतीर्ण होते हैं उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान की जाती है। महेंद्र कौशिक ने अवगत कराया कि यहां से निकले हुए छात्र आज बड़े-बड़े ज्योतिषाचार्य, कथावाचक आदि क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे।





# प्रदेश में डबल इंजन से हो रहा विकास कार्य: सीएम योगी आदित्यनाथ

## पूर्वांचल के युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोलेगा नया गोरखपुर: सीएम

**संकल्प**

8 विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य विकसित भारत बनाने का है। विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा और इसके लिए गोरखपुर को विकसित करना होगा। विकसित देश, प्रदेश और जनपद के इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए औद्योगिक निवेश भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र को 1040 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाओं की सौगात देने के बाद गीडा के सेक्टर-13 में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर उन्होंने गीडा की 650 करोड़ रुपये की अनुमानित आय वाली कालेसर आवासीय टाउनशिप योजना को लॉन्च करने के साथ 300 करोड़ रुपये के निवेश वाली एसडी इंटरनेशनल की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का शिलान्यास एवं 90 करोड़ रुपये के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सीएम ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के स्किल ट्रेनिंग सेंटर के पांच छात्रों को नामांकन प्रमाण पत्र भी वितरित किए।



### 'उत्पाद की पैकेजिंग पर ध्यान देना जरूरी'

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी उत्पाद की पैकेजिंग का अपना महत्व है। कोई उत्पाद कितना भी अच्छा हो, अगर उसका बाहरी आवरण ठीक नहीं है तो वह बाजार की प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाएगा। किसी उपभोक्ता की पहली नजर उत्पाद के पैकेज पर पड़ती है। अगर उत्पाद सजा हुआ है तो लोग उसे देखते हैं। उत्पाद की कीमत बढ़ाने के साथ बड़ा बाजार उपलब्ध कराने में भी पैकेजिंग महत्वपूर्ण है। उन्होंने पैकेजिंग के क्षेत्र में नई यूनिट डालने के लिए एसडी इंटरनेशनल के निदेशकों को साधुवाद दिया।

**बन रहा है नया गोरखपुर:** मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर एक नया गोरखपुर बन रहा है। कालेसर से जंगल कौड़िया बाईपास पहले सपना था, आज हकीकत है। गोरखपुर में एम्स बन चुका है, बीआरडी मेडिकल कॉलेज का उन्नयन हो चुका है। खाद कारखाना शुरू हो चुका है।

गोरखपुर में चार-चार विश्वविद्यालय स्थापित हैं। अभी गत दिनों गोरखपुर के लिए सरकार ने पशु चिकित्सा महाविद्यालय के स्वीकृति दे दी है। इसे बाद में विश्वविद्यालय में परिवर्तित किया जाएगा।

# 'भारत का तालिबानीकरण स्वीकार नहीं किया जा सकता"

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दारुल उलूम देवबंद द्वारा गजवा ए हिंद को वैधता देने वाले फतवे पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी ने कहा है कि भारत का तालिबानीकरण कभी भी स्वीकार नहीं किया जा सकता। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने दारुल उलूम देवबंद द्वारा गजवा ए हिंद को वैधता देने वाले फतवे को भारतीय संविधान विरोधी और पाकिस्तान परस्त बताते हुए कहा है कि इसका साफ संदेश है कि देवबंद को बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान में विश्वास नहीं है, भारत के संविधान में विश्वास नहीं है।

# काशी से देश को संदेश देंगे पीएम नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**



**पूर्वांचल** को विकास की सौगात देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को काशी की धरा से आम चुनाव 2024 का शंखनाद करेंगे। पीएम मोदी एक दिन में दो जनसभा करके पूर्वांचल के साथ ही पश्चिमी यूपी, हरियाणा, पंजाब सहित देशभर के रैदासिया संप्रदाय से जुड़े लोगों को भी संदेश देंगे। पीएम के काशी दौरे में हर वर्ग को जोड़ने के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित होंगे। पीएम मोदी की वाराणसी के करखियांव में आयोजित जनसभा पूर्वांचल के विकास में सहकार का प्रयास विषय पर केंद्रित रहेगी। काशी की धरती से पूर्वांचल को साधने के लिए इस रैली में वाराणसी, मिर्जापुर और आजमगढ़ मंडल की लोकसभा सीटों से किसान, योजनाओं के लाभार्थी और अन्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा पीएम मोदी संत रविदास की जयंती से एक दिन पहले सीर गोवर्धन में जनसभा करके देशभर के रैदासिया संप्रदाय से जुड़े लोगों को साधने का प्रयास करेंगे। पीएम मोदी ने 23 फरवरी की सुबह संत रविदास की जन्मस्थली पर दर्शन-पूजन कर श्रद्धालुओं संग संगत करेंगे। यहां संत शिरोमणि की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और लंगर छककर सामाजिक समरसता का संदेश भी देंगे। इससे पहले पीएम मोदी काशी सांसद खेलकूद, सांसद फोटोग्राफी, सांसद ज्ञान और सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के विजेताओं के माध्यम से काशी से अपने जुड़ाव का नाता भी मजबूत करेंगे। इसके बाद पीएम बनास काशी संकुल का औद्योगिक क्षेत्र करखियांव में उद्घाटन करेंगे। अमूल प्लांट बनास डेयरी से पूर्वांचल में लगभग एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के एडवांस रिसर्च एंड मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का भी करखियांव इंडस्ट्रियल एरिया में शिलान्यास करेंगे।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को गोरखपुर के गोरखनाथ मन्दिर में पूजा-अर्चना करती हुई।

# छिंदवाड़ा के कई नेता भाजपा में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/जबलपुर**

**पूर्व मुख्यमंत्री और** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ को लेकर अटकलों का बाजार थमने का नाम नहीं ले रहा है। भले ही कमलनाथ ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी शामिल होने की बात कही हो, लेकिन उनके कई समर्थकों ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। इस बीच, मोहन यादव सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का बड़ा बयान सामने आया है।

कैलाश विजयवर्गीय उन अटकलों पर पूछे गए सवालों पर टिप्पणी कर रहे थे कि कमलनाथ उनकी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। इस पर उन्होंने कहा, मैंने कहा था कि हमारी पार्टी में कमलनाथ की कोई जरूरत नहीं है और इसलिए उनके लिए दरवाजे बंद हैं।

पिछले सप्ताह कमलनाथ और उनके सांसद बेटे नकुलनाथ के नई दिल्ली पहुंचने के बाद से ही अटकलें तेज हैं। हालांकि, कमलनाथ के करीबियों में शामिल सज्जन सिंह वर्मा ने उन खबरों का खंडन किया था कि 77 वर्षीय दिग्गज नेता भाजपा में शामिल होंगे। कमलनाथ के अगले राजनीतिक कदम पर सस्पेंस के बीच, उनके गढ़ छिंदवाड़ा जिले से पार्टी के कई स्थानीय नेता बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए।

**दिग्विजय पर भी बरसे विजयवर्गीय:** भगोड़ो हीरा व्यापारी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण के संबंध में दिग्विजय सिंह की टिप्पणियों के बारे में पूछे गए एक सवाल पर विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस नेता और उनके जैसे अन्य लोग निराश थे। उन्होंने कहा, वे जानते हैं कि उनका भविष्य अंधकारमय है।

**नकेल** पहले दिन सात मुन्ना भाई एवं पांच नकलची पकड़े गए, एक केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

# यूपी बोर्ड : सख्ती से खलबली, सवा तीन लाख परीक्षार्थी नहीं पहुंचे परीक्षा केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की शुचितापूर्ण तरीके से परीक्षा कराने की रणनीति पहले दिन से कारगर हो गई। गुरुवार को हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा में करीब सवा तीन लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों तक नहीं पहुंचे। प्रदेश भर में सोशल मीडिया पर नजर रखे जाने की वजह से भी नकलचियों में भय व्याप्त रहा। हिन्दी की परीक्षा में नकल कराने का प्रयास करने वाले सात मुन्ना भाई भी पकड़े गए। इन सबके खिलाफ एफआरआई दर्ज कराई गई है। एक केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। परीक्षा केंद्रों पर निगहबानी की वजह से पांच नकलची भी पकड़े गए हैं। बोर्ड मुख्यालय एवं लखनऊ के कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से परीक्षा के दौरान एक टीम परीक्षा केंद्रों पर नजर रखे रही। जहां भी कुछ गड़बड़ी दिखी उस केंद्रों को चेतावनी भी दी गई। यूपी बोर्ड ने इस वर्ष की परीक्षा में और सख्त कदम उठाए हैं। इसका नतीजा आज पहले दिन ही परीक्षा में देखने को मिला।



प्रथम पाली में हाईस्कूल हिन्दी एवं प्रारम्भिक हिन्दी की परीक्षा 8273 केंद्रों पर एवं इंटर सैन्य विज्ञान की परीक्षा 244 केंद्रों पर आयोजित हुई। हाईस्कूल में 29,38,663 तथा इंटर में 5,123 परीक्षार्थी सम्मिलित होना था। द्वितीय पाली में इंटर हिंदी एवं सामान्य हिंदी की परीक्षा 8,232 केंद्रों पर हुई। हाईस्कूल में वाणिज्य की परीक्षा 1619 सेंटरों पर हुई। इंटर में 24,29,278 तथा हाईस्कूल में 38,437 परीक्षार्थी सम्मिलित होना था। पर हाईस्कूल में कुल 2,03,299 एवं इंटर में 1,30,242 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि हाईस्कूल एवं इंटर में कुल 3,33,541 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इसी प्रकार प्रथम पाली की परीक्षा में सात छद्म परीक्षार्थी भी पकड़े गए। इनमें चार देवरिया, एक-एक आजमगढ़, जौनपुर, अलीगढ़ का मुन्ना भाई है। एटा में एक केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पांच बच्चे नकल करते भी पकड़े गए हैं। बोर्ड सचिव ने बताया कि प्रदेश के सभी केंद्रों की लगातार मानिटरिंग की जाती रही। गौरतलब है कि बोर्ड की परीक्षा 55 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा 24 को मुरादाबाद पहुंचेगी

**बरेली:** सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 24 फरवरी को मुरादाबाद में प्रवेश कर रही है उसको सफल बनाने के लिए महानगर कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक महानगर कार्यालय पर हुई। महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा यात्रा में जिन पांच न्याय की बात की जा रही है उसे सारा देश निहित है। आज देश में उन्हें पांच न्याय को स्थापित करने की लड़ाई है परिणाम कुछ भी हो हम अन्याय के खिलाफ जनता के साथ खड़े हैं। सरकार जनता की मुद्दों पर काम नहीं कर रही है बस इवेंट कर रही है। 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत निश्चित है।